दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। बुधवार 03 जुलाई -2024 | वर्ष : 8 अंक : 264 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3










# हाथरस में भगदड़ से 134 लोगों की गई जान

## मृतकों की संख्या बढ़ने पर घटना स्थल पर कई जिलों से पीएसी यूनिट पहुंची



घटना स्थल पर भगदड़ के बाद तितर-बितर हुए लोग



घायलों से जानकारी लेते एसएसपी राजेश कुमार



मेडिकल कॉलेज पहुंचे पुलिस अधिकारी

## आज हाथरस पहुंचेंगे यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ



**हाथरस।** हाथरस जिले में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई। अब तक 134 लोगों की मौत हो चुकी है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 134 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं, जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। बताया गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह कुचलते चले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया है, अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 134 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह के मुताबिक जिस वक्त भगदड़ हुई उस समय हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे में धार्मिक आयोजन चल रहा था। एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 23 महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। अभी घायल अस्पताल नहीं पहुंचे हैं। आगे की जांच की जा रही है। इन 27 शवों की पहचान की जा रही है।

### लाशों के ढेर देख सिपाही की हार्ट अटैक से मौत



उत्तर प्रदेश के एटा में मेडिकल कॉलेज में लाशों का ढेर देखकर ड्यूटी पर तैनात सिपाही को हार्ट अटैक आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। वह क्यीआरटी अवागढ़ में तैनात था। उसे मेडिकल कॉलेज आपात ड्यूटी पर बुलाया गया। इतनी लाशें देखकर वह बर्दाश्त न कर सका। उसे हार्ट अटैक आ गया। सिपाही मूल रूप से अलीगढ़ जिले के बन्ना देवी थाना क्षेत्र के सिद्धार्थनगर का रहने वाला था।

### मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख, घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद की घोषणा

मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। कार्यक्रम आयोजकों के विरुद्ध एफआईआर होगी। शासन बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।

### हादसे की चश्मदीद ने बयां किया भयावह मंजर



हादसे को अपनी आंखों से देखने वाली युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी।



"उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुई दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों सहित अनेक श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार हृदय विदारक है। मैं अपने परिवारजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं तथा घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू**



"पीएम मोदी ने हादसे पर कहा है कि यूपी के हाथरस में जो भगदड़ हुई, उसमें अनेकों लोगों की मृत्यु की खबर आ रही है। जिन लोगों की जान गई है, मैं उन लोगों के लिए संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। केंद्र लगातार राज्य सरकार के संपर्क में है। मैं भरोसा देता हूं कि पीड़ितों की हर तरह से मदद की जाएगी।

**माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**



"रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी हादसे पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'उत्तर प्रदेश के हाथरस ज़िले में हुआ हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रही है'।

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह**



"उत्तर प्रदेश के हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वथ होने की आशा करता हूं। **राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**



"सीएम योगी ने एक्स पर लिखा, 'जनपद हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

**योगी आदित्यनाथ, सीएम उत्तर प्रदेश**



"हाथरस, उत्तर प्रदेश में सत्संग के दौरान भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई के घायल होने का समचार हृदयविदारक है। शोक-संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।

**प्रियंका गांधी, नेता कांग्रेस**



"हाथरस में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में काफी संख्या में लोगों की हुई मौत से दुखी हूं। सरकार इन घटनाओं की जाँच कर उचित कार्रवाई तथा पीड़ित परिवारों की आर्थिक मदद करे। **बसपा सुप्रीमो मायावती**

### कौन है साकार हरि बाबाः हमेशा रहता है सूट-बूट में... तीन राज्यों में हैं अनुयायी



मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल है। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गया। अनुयायी उसे भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में अनुयायी फैले हैं।

**मानव सेवा का देते हैं संदेश :** साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देता है। सत्संग में लोगों से बाबा कहता है कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सबसे बड़ी शिक्षा है। सत्संग में आने वाले लोगों से कहता है यहां रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं कोई दान नहीं कोई पाखंड नहीं यही सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है।

**सूट-बूट में रहते हैं बाबा :** बाबा के बारे में कुछ लोग कहते हैं कि ये यूपी पुलिस में दरोगा हुआ करते थे। कुछ इन्हें आईबी से जुड़ा भी बताते हैं। इसीलिए बताया जाता है कि बाबा पुलिस के तौर-तरीकों से परिचत हैं। वर्दी धारी स्वयंसेकों की लंबी-चौड़ी फौज खड़ी करने में यह काफी मददगार साबित हुआ। बाबा आम साधु-संतों की तरह गेरुआ वस्त्र नहीं पहनता। बहुधा वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनता है। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित, दबे-कुचले लोग शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है।

### सीएम योगी ने बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चलाने के दिए निर्देश

हादसे में अब तक 90 लोगों की मौत की खबर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, संदीप सिंह घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं तथा प्रदेश के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को घटना स्थल पर पहुंचने हेतु निर्देशित किया है।

#### मंत्री संदीप सिंह घटनास्थल की ओर रवाना




यूपी सरकार के मंत्री संदीप सिंह का कहना है, 'सीएम ने निर्देश दिया है कि हाथरस में जहां हादसा हुआ है वहां पहुंचें और मामले को देखें। साथ ही सरकार की ओर से आवश्यक निर्णय लें। मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

#### जांच के लिए गठित की गई टीम

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, घटना के कारणों की जांच के लिए एडीजी आगरा और अलीगढ़ कमिश्नर की एक टीम गठित की गई है।

### अखिलेश यादव ने गहरा शोक जताया



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हाथरस जनपद में सत्संग में भगदड़ से बड़ी संख्या में हुई मौतों पर गहरा शोक जताया है। अखिलेश यादव ने घायलों को तत्काल अच्छी से अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों की मदद हो और घायलों का इलाज हो।

### हाथरस में भगदड़ के बाद कोहराम का मामला

## गाजियाबाद एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन ने संभाला हाथरस में मोर्चा

#### 30 सदस्यों वाली रेस्क्यू टीम और 14 मेडिकल टीमों ने शुरू किया ऑपरेशन



फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हाथरस में एक धार्मिक आयोजन के बाद हुई भगदड़ की घटना में मारे गए लोगों और घायल व अन्य पीड़ितों की मदद बचाओ, सुरक्षा के लिए गाजियाबाद की आठवीं बटालियन एनडीआरएफ की टीम से एक दल को रवाना किया गया है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार एनडीआरएफ टीम गाजियाबाद की जो रेस्क्यू टीम भेजी गई है, उसमें 30 सदस्य रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभालने का काम करेंगे। तो वहीं 14 सदस्यों की एक मेडिकल टीम भी भेजी गई है, जो हादसे में घायल एवं उपचाराधीन लोगों की मदद एवं उपचार करने का काम करेंगे। इसके साथ ही जानकारी मिली है कि यह टीम राहत एवं बचाव की अन्य सामग्री लेकर गई है। बता दें कि देश और विदेश में कोई भी बड़ी आपदा, हादसा एवं रेस्क्यू ऑपरेशन होता है तो उसमें गाजियाबाद एनडीआरएफ की आठवीं बटालियन की टीम की हमेशा से भागीदारी रखती है।

#### एनडीआरएफ ने रात से ही शुरू कर दिया था रेस्क्यू

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद स्थित आठवीं बटालियन एनडीआरएफ के कमांडेंट पीके तिवारी से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद से मेडिकल टीम की एनडीआरएफ के जवानों को भेजा गया है। जिसमें डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ के कुल 14 सदस्य हैं। वहीं 30 से अधिक ऐसे एनडीआरएफ कर्मियों को भेजा गया है, जो अलग-अलग रेस्क्यू ऑपरेशंस में मोर्चा संभाल चुके हैं। बता दें की हाथरस के लिए देर शाम ही गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम रवाना कर दी गई थी। जिसने रात को वहां पहुंचते ही अपना ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

#### प्रधानमंत्री से लेकर विदेशों तक में हो चुकी है एनडीआरएफ आठवीं बटालियन की तारीफ



**करंट क्राइम :** गाजियाबाद की आठवीं बटालियन एनडीआरएफ न सिर्फ देश बल्कि विदेशों तक में अपनी सेवा दे चुकी है। देश में आने वाले तूफान, बाढ़, भूकंप के साथ ही आग और अन्य राहत बचाव कार्यों में एनडीआरएफ गाजियाबाद का योगदान महत्वपूर्ण रहा है। कोराना की लड़ाई से लेकर योग तक के गुरों को लेकर खुद प्रधानमंत्री से लेकर देश के कई प्रमुख लोग एनडीआरफ गाजियाबाद की तारीफ और सोशल मीडिया पर सराहना कर चुके हैं।

## हाथरस हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख

### घटना स्थल पर पहुंचे कई एडीजी और पुलिस के आला अधिकारी





**हाथरस।** उत्तर प्रदेश में बड़ा हो गया। यहां के हाथरस में एक सत्संग कार्यक्रम में भगदड़ मचने से कई लोगों की जान चली गई। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया सामने आयी है। सीएम योगी ने कई लोगों की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडियो प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा कर दुख व्यक्त किया है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को भी हाथरस हादसे का जायजा लेने के लिए पहुंचा दिया है। घटना स्थल पर कई जोन के एडीजी और पुलिस कप्तानों का जमावड़ा लगा हुआ है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक्स हेंडल पर लिखा कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के युद्ध स्तर पर संचालन और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में मा। मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, संदीप सिंह घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को घटना स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिये गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ की पोस्ट के मुताबिक एडीजी आगरा और कमिश्नर, अलीगढ़ के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। गौरतलब है कि हाथरस में घटना स्थल पर एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ पहुंची हैं। इसके साथ ही हाथरस के आसपास के जिलों के कप्तान को एडीजी ने दिशा निर्देश दिये हैं। इसके अलावा कासगंज, एटा, हाथरस, अलीगढ़ के पलिस कप्तानों को भी पहुंचने के निर्देश दिये गए हैं।

#### पंडाल में थी 2 लाख की भीड़

प्रत्यक्षदर्शी रामदास ने बताया कि वह अपनी पत्नी को दवा दिलाने के लिए अलीगढ़ लेकर गए थे। रामदास ने कहा कि उन्हें बताया गया कि उनकी पत्नी को एंबुलेंस में अस्पताल लेकर गए हैं. रामदास ने बताया कि हम पंडाल से दूर बैठे थे, हमने देखा कि अचानक से भीड़ निकली, करीब डेढ़ से 2 लाख लोगों की भीड़ थी।

# 'गैर-कांग्रेसी नेता का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं हो रहा, पीएम मोदी का विपक्ष पर तंज

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को एनडीए सांसदों के साथ बैठक की। इस बैठक में प्रधानमंत्री ने एनडीए सांसदों को संसदीय नियमों और संसदीय आचरण का पालन करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'विपक्ष एक गैर कांग्रेसी नेता का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है।'



'गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था' एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'विपक्ष इस बात से परेशान है कि पहली बार एक गैर-कांग्रेसी नेता, वह भी एक 'चायवाला', लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। नेहरू-गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'कांग्रेस के सदस्य प्रधानमंत्री हुआ करते थे तथा अपने दायरे से बाहर के लोगों को बहुत कम मान्यता देते थे। कांग्रेस के सबसे प्रमुख परिवार से बाहर से आए प्रधानमंत्रियों के योगदान को नजरअंदाज किया जाता था, उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में यह सुनिश्चित किया कि उन सभी को मान्यता मिले क्योंकि प्रत्येक ने किसी न किसी तरह से देश के लिए योगदान दिया है।'


'जब प्रधानमंत्री बोलते हैं तो संदेश सभी के लिए होता है' जब किरेन रिजिजू से पूछा गया कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के भाषण का जिक्र किया? तो इस पर रिजिजू ने कहा कि 'उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा, लेकिन जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी के लिए होता है।' उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने सोमवार को लोकसभा में भाजपा पर जोरदार हमला किया था, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं पर सांप्रदायिक आधार पर लोगों को बांटने का आरोप लगाया गया था। इसका सत्ता पक्ष ने भारी विरोध किया था, प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस नेता पर पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहने के लिए हमला बोला था।

रिजिजू ने कहा कि गठबंधन की बैठक में एनडीए नेताओं ने मोदी को उनके 'ऐतिहासिक' तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सांसदों से मीडिया के सामने टिप्पणी करने से पहले किसी भी मुद्दे का अध्ययन करने को कहा और कहा कि उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों के संपर्क में रहना चाहिए और मतदाताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहिए।

### एनडीए ने राहुल गांधी के भाषण को बताया सबसे गैर जिम्मेदार

एनडीए सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए सांसदों से वरिष्ठ सदस्यों से संसद की सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में सीखने की अपील की। पीएम मोदी की यह अपील राहुल गांधी के लोकसभा में सोमवार को दिए भाषण के बाद सामने आई है, जिसे एनडीए ने सबसे गैर जिम्मेदाराना भाषण करार दिया है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक के बाद संवाददाताओं को जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद में उपस्थित रहने तथा अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने को कहा।

# हिंदुओं पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी पर परिवाद दायर, 15 जुलाई को सुनवाई






**मुजफ्फरपुर।** हिंदुओं को लेकर संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर अब बिहार में भी कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है। राहुल गांधी के खिलाफ मुजफ्फरपुर के कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है, जिसकी सुनवाई 15 जुलाई को मुकर्रर हुई है। मुजफ्फरपुर की कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर किया गया है।

बीते सोमवार को संसद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को लेकर की गई टिप्पणी से आहत हिंदूवादी नेता देवयांशु किशोर ने परिवाद दायर कराया है। कोर्ट ने मामले को स्वीकार कर सुनवाई की तिथि 15 जुलाई 2024 को मुकर्रर की है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 299, 302 और 356 (1) के तहत मामला दर्ज कराया है। मामले में परिवादी हिंदूवादी नेता और गिरिराज सिंह फैंस क्लब के देवयांशु किशोर ने बताया कि कल कांग्रेस पार्टी के सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदू धर्म को लेकर एक विवादित बयान दिया गया था। इस दौरान उन्होंने अपने बयान से देश भर के करोड़ों हिंदू समाज के लोगों की भावनाओं को आहत किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया था, जिसको लेकर हम लोगों ने विचार किया कि राहुल गांधी हिंदू धर्म की भावना को ठेस पहुंचा रहे हैं। इससे आहत होकर कोर्ट में परिवाद दायर किया है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया है। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 15 जुलाई को सुनवाई की तिथि मुकर्रर की है। पूरे मामले को लेकर परिवादी के अधिवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी द्वारा कल संसद में सदन की कार्यवाही के दौरान हिंदू धर्म को लेकर कथित विवादित बयान दिया गया था। उसमें उनके द्वारा हिंदू धर्म को कथित तौर पर हिंसक बताया गया था, जिससे आहत होकर परिवादी देवयांशु किशोर द्वारा कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। कोर्ट ने परिवाद स्वीकार भी कर लिया है और मामले में 15 जुलाई को सुनवाई तय की गई है। इसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।

### महाराष्ट्र पासपोर्ट रैकेट मामले में सीबीआई ने की छापेमारी, 1.59 करोड़ रुपये जब्त

**मुंबई।** (सीबीआई) ने मंगलवार को एक पासपोर्ट एजेंट के घर और दफ्तर पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में टीम ने 1.59 करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। सीबीआई ने यह छापेमारी पिछले हफ्ते पकड़े गए इस बड़े घोटाले की जांच के सिलसिले में की है। छापेमारी में पांच डायरियां और डिजिटल गैजेट भी बरामद हुए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।




सीबीआई ने पिछले वीकेंड महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर छापेमारी की और रिश्वत के बदले संदिग्ध पासपोर्ट जारी करने के कथित रैकेट में 32 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। सीबीआई ने शिकायतों के बाद नासिक के अलावा मलाड और लोअर परेल स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) के 14 पासपोर्ट विभाग अधिकारियों के खिलाफ मुंबई तथा नासिक में 12 केस दर्ज किए और मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें पासपोर्ट सेवा केंद्रों के 14 पासपोर्ट सहायक और वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक शामिल हैं। इनके अलावा शेष 18 एजेंट/दलाल हैं। यह सभी भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त हैं। आरोपी एक-दूसरे के साथ संपर्क में थे। उन्होंने उनके साथ मिलकर कथित रूप से अपर्याप्त/अधूरे दस्तावेजों के साथ संदिग्ध पासपोर्ट जारी करवाने या पासपोर्ट आवेदकों के व्यक्तिगत डिटेल में हेरफेर करने की साजिश रची थी। छापेमारी के दौरान टीम ने संदिग्ध अधिकारियों के कार्यालय, डेस्क, मोबाइल और अन्य सामानों की जांच की, जिसमें आपत्तिजनक सामान बरामद हुआ। दस्तावेजों, सोशल मीडिया चैट और यूपीआई पहचान गतिविधियों के विश्लेषण से कुछ अधिकारियों की ओर से संदिग्ध लेनदेन सामने आए, जो अपर्याप्त, नकली या जाली दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट जारी करने के लिए एजेंटों/दलालों के जरिए रिश्वत की मांग और मंजूरी का संकेत देते हैं।

# दिल्ली में 30 प्रतिशत घटा प्रदूषण, 11 जुलाई से 9 अगस्त तक होगा पौधरोपण : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय का कहना है कि पिछले सालों की तुलना में दिल्ली में करीब 30 प्रतिशत तक प्रदूषण कम हुआ है। इसका कारण सुनियोजित तरीके से जारी विकास कार्य है। उनके मुताबिक पहले सर्दी के मौसम में 'विंटर एक्शन प्लान' तैयार किया जाता था, अब 'समर एक्शन प्लान' तैयार कर लिया गया है और उसी के तहत काम किया जा रहा है। गोपाल राय के मुताबिक मौसम में हो रहे परिवर्तन का असर साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। अगर सर्दी हो रही है तो जरुरत से ज्यादा सर्दी पड़ रही है।



गर्मी है तो भीषण गर्मी हो रही है और अगर बारिश हुई है तो लग रहा है कि बादल फटने की घटना हो गई है। मौसम बदलने का असर अब देखने को मिलने लगा है। अब प्रकृति का 'अलॉर्म स्टेज' आ गया है। अगर अभी भी चीजों को सही ढंग से नहीं किया गया तो परिणाम गंभीर होंगे। इसीलिए, दिल्ली सरकार लगातार हरित क्षेत्र को बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज से 4.5 साल पहले अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि 5 साल के अंदर 2 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे। यह बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि दिल्ली के अलग-अलग एनजीओ और संस्थाओं के साथ मिलकर चार साल में ही 2 करोड़ से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं। दिल्ली सरकार ने यह महसूस किया है कि अभी इस अभियान को और भी बढ़ाने की जरूरत है। इसीलिए कुछ दिनों पहले हमने अलग-अलग संस्थाओं और अधिकारियों के साथ बैठक की थी और यह फैसला लिया था कि 64 लाख पौधे और लगाए जाएंगे। गोपाल राय ने बताया कि इस अभियान के तहत 7 लाख पौधे निशुल्क बांटे जाएंगे।

उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील की है कि सरकार निशुल्क पौधे दे रही है। जनता की सहभागिता भी बहुत जरूरी है इसीलिए जनता से यह अपील की जा रही है कि वह इस अभियान में साथ दे और छोटे-छोटे पौधों को अपने घरों, अपनी बालकनी में लगाकर उनका संरक्षण करें ताकि आने वाले दिनों में सभी को फायदा हो। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई से दिल्ली में पौधरोपण अभियान की शुरूआत होगी। यह शुरूआत नरेला इलाके से की जाएगी। यह पहले चरण का अभियान है, जिसमें पौधरोपण और पौध वितरण का कार्यक्रम होगा।

यह अभियान 11 जुलाई से 9 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत दिल्ली की विधानसभाओं में पौधरोपण और पौध वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। 11 जुलाई को सबसे पहले नरेला और बवाना में अभियान की शुरूआत होगी। हर दिन दो जगह पर पौधरोपण और पौध वितरण का कार्यक्रम होगा। ऐसे ही पूरी दिल्ली को 9 अगस्त तक कवर किया जाएगा।

# महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे पांच दिनों के लिए निलंबित



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे को मानसून सत्र के दौरान भाजपा नेता प्रसाद लाड के खिलाफ 'अभद्र' भाषा का इस्तेमाल करने पर पांच दिनों के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया है। विधायी कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे पहले, लाड ने उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के लिए अंबादास दानवे के इस्तीफे की मांग की थी। सदन में यह टकराव तब हुआ, जब विपक्ष के नेता अंबादास दानवे और प्रसाद लाड ने एक-दूसरे के खिलाफ कथित तौर पर असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए आक्रामक रुख अपनाया। भाजपा विधायकों ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदुओं के खिलाफ बयान की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित करने की मांग की थी। प्रसाद लाड ने लोकसभा में राहुल के भाषण का मुद्दा परिषद में उठाया था। उनकी टिप्पणी की निंदा करके बहस की शुरूआत की थी। प्रसाद लाड ने भाजपा विधायक प्रवीण दारेकर के साथ मिलकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हिंदुओं का अपमान करने का आरोप लगाया। इस पर दानवे, कांग्रेस विधायक भाई जगताप और अभिजीत वंजारी सहित अन्य ने कड़ी आपत्ति जताई। इस वजह से व्यवधान पैदा हुआ और परिषद को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया।

# यूपी कैबिनेट में सुरक्षा गार्डों व शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी को मंजूरी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में फैसला लिया गया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के खाली 2,200 पदों पर पुनर्नियुक्ति होगी। इन्हें 25 से 30 हजार मानदेय दिया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के पद रिक्त हैं, इसका असर शिक्षण कार्य पर हो रहा है।



ऐसी स्थिति में शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 2023 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सेवा से मुक्त किए गए 2,200 से ज्यादा शिक्षकों को अस्थायी तौर पर 25 हजार और 30 हजार रुपए के मानदेय पर पुनर्नियुक्ति का अवसर दिया जा रहा है। जो शिक्षक कक्षा 9 और 10 में पढ़ाएंगे, उन्हें 25 हजार और जो कक्षा 11-12 में पढ़ाएंगे उन्हें 30 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान यूपी एग्रीटेक नीति 2024 को मंजूरी दी गई है। इसमें कृषि विकास दर को दोगुना करते हुए 20 फीसद करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही कैबिनेट ने सीएम और राज्यपाल के यहां तैनात 656 सुरक्षा गार्डों और 2,130 शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव भी पास किया। सुरक्षा गार्ड को पहले 12,500 रुपए मानदेय मिलता था, इसे बढ़ाकर 22,000 रुपए किया गया। व्यावसायिक शिक्षा में भी एक्सपर्ट का मानदेय बढ़ाया गया है। अब उन्हें हर दिन 500 की जगह 750 रुपए दिया जाएगा।

### पठानकोट में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी, सेना की वर्दी और बड़ी दाढ़ी



**नई दिल्ली।** पंजाब के पठानकोट में 3 संदिग्ध आतंकी सेना की वर्दी में घूम रहे हैं। तीनों की तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं। पठानकोट में बीते आठ दिन से संदिग्ध घूम रहे हैं। पंजाब के पठानकोट में बीते एक सप्ताह से 3 संदिग्ध आतंकी घूम रहे हैं। मंगलवार को एक बार फिर से तीनों संदिग्धों को देखा गया है। तीनों सेना की वर्दी में घूम रहे हैं। किसी ने तीनों संदिग्धों की फोटो लेकर पुलिस को सूचना दी है। बीते 8 दिनों से पुलिस और सेना इनकी तलाश कर रही है लेकिन ये अभी तक किसी के हाथ नहीं लगे हैं। तीनों संदिग्ध पुलिस व आर्मी को चकमा दे रहे हैं। इससे पहले रविवार रात को गुरदासपुर के दीनानगर में संदिग्ध देखे गए थे। दीनानगर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन भी चलाया लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा है। जैसा कि सामने आई तस्वीरों में दिख रहा है, तीनों संदिग्ध सेना की वर्दी पहने हुए एक जूस के ठेले पर पहुंचे हुए थे। यहां तीनों ने जूस भी पीया। इस दौरान किसी ने इनकी फोटो खींची है। 3 संदिग्धों में से 2 की दाढ़ी बड़ी है। वहीं तीसरा क्लीन सेव है। पुलिस को सूचना मिलते ही एरिया में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# डायलॉग कमीशन के सदस्यों को बर्खास्त करने का दिल्ली एलजी का आदेश अमान्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की योजना मंत्री आतिशी ने मंगलवार को एक आदेश जारी करते हुए सर्विसेज विभाग और एलजी द्वारा दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के तीन नॉन ऑफिशियल सदस्यों को बर्खास्त करने के आदेश को अमान्य करार दिया। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन पर निर्णय लेना सर्विसेज विभाग या एलजी के क्षेत्राधिकार में नहीं आता, ऐसे में ये आदेश अमान्य है और डीडीसीडी के नॉन ऑफिशियल सदस्य अपनी भूमिका में बने रहेंगे। उन्होंने सर्विसेज विभाग के सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि डीडीसीडी के तीनों नॉन ऑफिशियल सदस्य अपनी भूमिका में बने रहेंगे, योजना मंत्री की मंजूरी के बिना सर्विसेज विभाग या एलजी के आदेश के अनुसार कोई भी कार्रवाई अवैध मानी जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों एलजी वीके. सक्सेना ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के सभी नॉन ऑफिशियल सदस्यों की नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था। उन्हें तत्काल प्रभाव से डीडीसीडी से हटा दिया गया था। योजना मंत्री द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि डीडीसीडी में नॉन-ऑफिशियल सदस्यों की नियुक्ति और उनके कार्यों को लेकर निर्देश देने का एकमात्र अधिकार दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास है। डीडीसीडी के नॉन ऑफिशियल सदस्यों को सीधे मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्त किया जाता है और इन सदस्यों का कार्यकाल दिल्ली सरकार के कार्यकाल (को-टर्मिनस) के साथ-साथ है और उन्हें केवल डीडीसीडी के अध्यक्ष (दिल्ली के मुख्यमंत्री) की मंजूरी से ही हटाया जा सकता है। ऐसे में एलजी और सर्विसेज विभाग के पास इन नॉन ऑफिशियल सदस्यों की नियुक्ति को रद्द करने का आदेश जारी करने का कोई अधिकार नहीं है। आतिशी के आदेश में कहा गया है कि इन नॉन ऑफिशियल सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेषज्ञता के कारण सरकार को नीतिगत सुधारों की सिफारिश करने के लिए सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। डीडीसीडी के इन नॉन-ऑफिशियल सदस्यों ने पिछले चार सालों के अपने कार्यकाल में शानदार काम किया और और बहुत से नीतिगत फैसलों में सरकार की मदद की है। इन नॉन ऑफिशियल सदस्यों के रूप में हटाने का कोई भी आदेश सिर्फ डीडीसीडी के अध्यक्ष (मुख्यमंत्री) द्वारा पारित किया जा सकता है, इसलिए मुख्यमंत्री के किसी भी निर्देश के बिना, सर्विसेज विभाग द्वारा 27 जून को इन सदस्यों के निलंबन का आदेश पूरी तरह अमान्य है।



# केजरीवाल की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी

## सात दिन में मांगा जवाब, 17 जुलाई को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से आबकारी नीति मामले में गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सात दिन में सीबीआई से जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने सात दिनों के भीतर जवाब दाखिल करने और उसके बाद दो दिनों में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई, 2024 के लिए तय की है।




सीबीआई ने केजरीवाल को 26 जून को गिरफ्तार किया था, जब वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे। केजरीवाल को हाल ही में 20 जून को ईडी मामले में ट्रायल कोर्ट ने जमानत दी थी। हालांकि, ईडी द्वारा तत्काल याचिका दायर करने के अगले दिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमानत देने पर अंतरिम रोक लगा दी। ट्रायल कोर्ट के जमानत आदेश पर रोक की पुष्टि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 25 जून को की थी।

इसके बाद, उन्हें 26 जून को सीबीआई ने गिरफ्तार किया और 29 जून तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। 29 जून को सीबीआई द्वारा हिरासत बढ़ाने की मांग नहीं करने पर उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। केजरीवाल को पहली बार ईडी ने 21 मार्च, 2024 को गिरफ्तार किया था। उन पर शराब नीति में जानबूझकर खामियां छोड़ने की साजिश में मुख्य साजिशकर्ता होने का आरोप है, ताकि कुछ शराब विक्रेताओं को लाभ पहुंचाया जा सके। उच्च न्यायालय ने सोमवार को आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन और भ्रष्टाचार मामलों में बीआरएस नेता के कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज मामलों में जमानत मांगने वाली कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। कविता वर्तमान में सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी से जुड़ी पूरी कार्यवाही के अलावा कविता ने एक अलग याचिका के माध्यम से सीबीआई को ईडी मामले में न्यायिक हिरासत में रहते हुए उनसे पूछताछ करने की अनुमति देने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को भी चुनौती दी थी। उनका कहना है कि उन्हें कोई नोटिस जारी किए बिना या कारण बताओ नोटिस दिए बिना आदेश पारित कर दिया गया।

कविता ने सीबीआई को गिरफ्तार करने की अनुमति देने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश के साथ-साथ उन्हें पुलिस और न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश को भी चुनौती दी। 6 मई को सीबीआई द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार के मामले में ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। कविता को 15 मार्च की शाम को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### 67 साल का बुजुर्ग बनकर कनाडा भेजने वाला एजेंट यूपी से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने विदेश भेजने के लिए 24 साल के यात्री का मेकअप कर 67 साल का बना कर दस्तावेज की व्यवस्था करने वाले एजेंट को पुलिस ने पीलीभीत यूपी से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगजीत सिंह के रूप में हुई है। 19 जून को दिल्ली हवाई अड्डा पर भेष बदल कर कनाडा जाने वाले यात्री को इमिग्रेशन अधिकारी ने पकड़ा था।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्याः के.एफ.-डी-36, मोहल्ला कविनगर, गाजियाबाद, नगर निगम के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज नाम श्री स्वदेश शर्मा के स्थान पर श्रीमति इन्दु शर्मा का नाम दर्ज किये जाने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, पंजीकृत दान पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क जमा कर उक्त भवन पर दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त भवन पर नाम परिवर्तन में आपत्ति हो तो वह कविनगर जोन कार्यालय, नगर निगम गाजियाबाद में प्रमाणित साक्ष्यों सहित 30 दिवस के अन्दर अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें।

कर अधीक्षक-कविनगर जोन
नगर निगम गाजियाबाद।

# अवैध संबंध के चलते सरेआम पिटाई के बाद बंगाल में महिला ने की आत्महत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चोपड़ा और कूचबिहार मामलों के बाद मंगलवार को एक और भयानक मामला सामने आया। अवैध संबंध के चलते सरेआम पिटाई के बाद जलपाईगुड़ी में एक महिला ने आत्महत्या कर ली। महिला के पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उसने बताया कि स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उस पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगाया। यह घटना जलपाईगुड़ी जिले के फुलबारी इलाके की है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता पिछले हफ्ते लापता हो गई थी। स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने उसके चरित्र पर संदेह जताते हुए आरोप लगाया कि वह एक स्थानीय युवक के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के कारण घर छोड़कर चली गई थी। पीड़िता के पति ने अपनी शिकायत में कहा कि सोमवार को जब वह घर लौटी तो स्थानीय महिलाओं के एक समूह ने पहले उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसकी बुरी तरह पिटाई की। शिकायत के अनुसार, जब पीड़िता के पति ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो महिलाओं के समूह ने उसे भी पीटा। महिला के पति ने अपनी शिकायत में दावा किया कि सोमवार रात महिला ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। सिलीगुड़ी पुलिस आयुक्तालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जांच शुरू हो गई है। पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के नेता इस घटना के बारे में कुछ भी कहने से कतरा रहे हैं। हालांकि, पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने नाम न बताने की शर्त पर स्वीकार किया कि यह घटना शर्मनाक है। चोपड़ा मामले में आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। फिलहाल वह पुलिस की हिरासत में है। विपक्षी नेताओं ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस और राज्य सरकार पर तीखे हमले किए हैं। राज्यपाल सीवी आनंदा बोस मंगलवार को पीड़िता और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से मिलने चोपड़ा जा रहे हैं।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 03 जुलाई-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




SS PATH LAB & DIAGNOSTIC CENTRE
(Your Health is Our Priority)
SS PATH LAB
Ultrasound + Digital X-Ray
ECG + Blood Tests
ब्लड टेस्ट पर 50% छूट
अल्ट्रासाउंड मात्र : ₹800/-
डिजिटल एक्स-रे मात्र : ₹250/-
ई.सी.जी. मात्र : ₹200/-
Lab Director : Dr. Sagar Kashyap (MBBS,MD)
Free Home Collection Facility Available
पता : सी-2, कचहरी रोड, आर.डी.सी. राजनगर, गाजियाबाद
0120-3501102, 9625609360

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद के मतदान को लेकर कन्फ्यूजन

## अध्यक्ष ने किया 12 जुलाई, तो सचिव ने 22 जुलाई को वोटिंग का ऐलान





### ● एल्डर कमेटी की बैठक आयोजित की गई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव की तिथि फाइनल होंगे को लेकर घमासान वाला दौर चल रहा है। सोमवार को जहां अध्यक्ष व कनिष्क उपाध्यक्ष के द्वारा बैठक की गई। तो उसमें 12 जुलाई को मतदान की तिथि फाइनल की गई थी। वहीं मंगलवार को सचिव ने सोमवार को हुई बैठक को अमान्य घोषित कर दिया और कहा कि मतदान अब 22 जुलाई को होगा।

फिलहाल मतदान की फाइनल तिथि को लेकर अधिवक्ताओं में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। मतदान 12 को होगा या 22 जुलाई को। उधर मंगलवार को एक बैठक भी बुलाई गई है। जिसमें एल्डर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राम अवतार गुप्ता के चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। तो वहीं सोमवार को हुई बैठक पर भी उंगली उठाई गई हैं। अध्यक्ष द्वारा सोमवार को 2 जुलाई से नई कार्यकारिणी के लिए कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की गई थी और 12 जुलाई को मतदान की तिथि फाइनल की गई थी।

उधर सचिव द्वारा मंगलवार को जो नया कार्यक्रम जारी किया गया है, उसके अनुसार 15 जुलाई को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन होना है और 22 जुलाई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। फिलहाल अभी यह फाइनल नहीं हुआ है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नई कार्यकारिणी 2024-25 के लिए मतदान किस तिथि को होना है।

### अध्यक्ष और सचिव के लिए यह नाम आ रहे हैं सामने

**करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन का चुनाव बेहद प्रमुख व बड़ा माना जा है। मतदान 22 जुलाई को होगा या 12 जुलाई की डेट फाइनल होगी यह अभी तय नहीं है। इन सबके बीच बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में जो नाम सामने आ रहे हैं ,उनमें प्रमुख रूप से योगेंद्र कौशिक राजू, दीपक शर्मा, बीसी बंसल, सूरजपाल सिसोदिया का नाम सूत्रों द्वारा अधिवक्ताओं के बीच प्रमुखता से बताया जा रहा है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव पद के लिए हरेंद्र कुमार, वरुण त्यागी ,सुनील त्यागी और अमित नेहरा का नाम प्रमुखता से चल रहा है। जो वर्ष 2024-25 में सचिव पद के लिए अपनी ताल ठोंकने वाले हैं। इसी के साथ लगभग एक दर्जन के आसपास अन्य पदों के लिए भी नाम की चर्चा और तैयारी का दौर शुरू हो चुका है।

### मतदान वाले दिन रहेगी पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था



**करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद का मतदान जिस दिन भी होगा, उस दिन के लिए पुलिस प्रशासन अपनी सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का बंदोबस्त रखेगा। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि अभी मतदान की तिथि फाइनल नहीं हुई है। जिस दिन भी मतदान की तिथि तय होगी तिथि वाले दिन पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल, खुफिया दल, पुलिसकर्मी और महिला सुरक्षा कर्मियों के साथ ही पीएसी को भी तैनात किया जाएगा।

### इन पदों के लिए होगा मतदान

**करंट क्राइम।** अध्यक्ष, सचिव ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सह सचिव प्रशासन, सह सचिव पुस्तकालय, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यगण और कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यगण के लिए बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी के लिए मतदान होना है।




### मतदान की डेट नहीं हुई फाइनल पर शुरू हो गई मीटिंग और पार्टियां

**करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद का मतदान 12 को होगा या 22 जुलाई को यह अभी तय नहीं है लेकिन मतदान से पूर्व अधिवक्ताओं ने चुनाव लड़ने के लिए जो तैयारी की है वह पूरी तरीके से शुरू हो चुकी हैं। उधर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि जो पद अधिकारी अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदों के लिए चुनाव की ताल ठोंक रहे हैं, उन्होंने अपनी मीटिंगों और पार्टियों का दौर शुरू कर दिया है। बता दें कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में लगभग तीन हजार के आसपास अधिवक्तागण शामिल होते हैं। कई दिनों तक बार एसोसिएशन गाजियाबाद चुनाव के प्रचार एवं अन्य कार्यक्रम चलता है। अंतिम दिन मतदान व मतगणना का काम पूर्ण होने के बाद ही फाइनल रिजल्ट घोषित किया जाता है।

# कब होगी पुराने फूलों पर सरकार की कृपा वाली वर्षा

### ढाई साल बीत गए और ढाई साल का बचा है समय



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवागढ़ गाजियाबाद की बात करें तो यहां इन दिनों एक ही चर्चा है कि शहर सीट पर उपचुनाव का पर्चा कौन भरेगा। नदिया पार वाले चाहते हैं कि उन्हें शहर से मौका मिले। लाइन पार वाले अपना कॉपीराइट बता रहे हैं और वो इसके लिए फाइट करने की बात कह रहे हैं। निगम के सीनियर चेहरों को विधानसभा में लाने की बात हो रही है और इन सबके बीच जिक्र उस बात का जिस पर सबका ध्यान नहीं है। सरकार की कृपा पाने के लिए चुनाव ही एक रास्ता नहीं है। सरकार जब कृपा बरसाती है तो वो अलग अलग रास्तों से आती है। गाजियाबाद में वैसे भी कृपा बरसी है।

सवाल यही है कि 2022 में विधानसभा चुनाव हुए थे। प्रदेश में दूसरी बार सरकार आई। लेकिन 2022 से 2024 आ गया मगर कई चेहरों की ख्वाहिश अभी तक पूरी नहीं हुई। माना ये जा रहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले कुछ चेहरों को सरकार अपनी कृपा से नवाजेगी। किसी को आयोग का सदस्य, किसी को चेयरमैन जैसे ओहदों पर बिठाकर उनकी सक्रियता समर्पण का ईनाम मिलेगा। लेकिन सरकार ने लोकसभा चुनाव में ऐसा कोई प्रयोग नहीं किया। ऐसा लगता है कि सरकार को अपने मैजिक पर पूर्ण भरोसा था और इसी लिए लोकसभा चुनाव बिना किसी आब्लिगेशन के पूरा हुआ। जनता भी सरकार के विश्वास पर खरी उतरी और उसने 3 लाख प्लस से जनादेश भाजपा के पक्ष में दिया।

अब ये चर्चा भगवा गलियारों में होने लगी है कि सरकार अपनी कृपा से कि किन चेहरों को उत्कृत करेगी। सरकार के ये ईनाम बड़े भी हो सकते हैं छोटे भी हो सकते हैं। इनमें जीडीए बोर्ड सदस्य से लेकर प्रदेश के विभिन्न आयोगों के चेयरमैन हो सकते हैं। अब लोकसभा का चुनाव भी हो गया है और फिलहाल कोई चुनाव आसपास भी नहीं है तो अब पार्टी के वफादार चेहरों को मौका मिलना चाहिए। 2024 भी आधा बीत चुका है और अभी ऐसी कोई सुगबुगाहट भी दिखाई नहीं दे रही कि सरकार ऐसी कोई घोषणा करने जा रही है।

### नामित पार्षद और जीडीए बोर्ड में आयेगा किसका नाम

करंट क्राइम। प्रयास सब कर रहे हैं और उम्मीद पर दुनिया कायम है। शहर सीट पर दावेदारों का मेला है लेकिन सरकारी कृपा तो कुछ खास चेहरों पर होनी है। इसके मानकों में भी समर्पण, सहयोग और वरिष्ठता का पैमाना है। नामित पार्षदों में पार्टी किन चेहरों को लेती है ये देखने की बात है। वहीं जीडीए बोर्ड सदस्य वाली लिस्ट में किसका नाम आयेगा। ये देखने की बात है। पार्टी के नेता मानते हैं कि समर्पण, सहयोग और वरिष्ठता के आधार पर ही ये चयन होना चाहिए। लेकिन वो ये भी मानते हैं कि जो कुछ भी हो जल्दी होना चाहिए।

### तीन चेहरों में से केवल एक पर ही हुई है कृपा रिपीट

**करंट क्राइम।** योगी सरकार की पहली पारी में गाजियाबाद के तीन नेताओं को सरकारी कृपा प्राप्त हुई। इनमें कविनगर में रहने वाले राज नारायण शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा और अशोक गोयल थे। बलदेव राज शर्मा और अशोक गोयल को नई सरकार में मौका नहीं मिला उनका कार्यकाल पूरा हो गया लेकिन सरकार की दूसरी पारी में भी राज नारायण शुक्ला पर कृपा हुई। गाजियाबाद के तीन नामों में से केवल एक नाम रिपीट हुआ। इसके अलावा पहली पारी की दूसरी सूची में उदिता त्यागी और संजय कश्यप को भी मौका मिला था। संजय कश्यप को गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड यानी गेल में निदेशक बनाया गया था। डॉ उदिता त्यागी को भी विद्युत विभाग में जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन दूसरी पारी में कोई जिम्मेदारी वाली सूची नहीं आई है।

# निवाड़ी के हत्यारोपियों पर 25-25 हजार का ईनाम, उठी एनकाउंटर की मांग



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव खिंदौड़ा में पिता पुत्र के दोहरे हत्याकांड में फरार चल रहे आसिफ व दीपक पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। दोनों के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से 25-25 हजार का इनाम घोषित किया है। वहीं आरोपित मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस को चकमा देकर फरार हो रहे हैं। उन्होंने कोर्ट में भी समर्पण नहीं किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में इन दोनों को वारदात में शामिल होने के बयान दिए हैं।

पांच आरोपितों को जेल भेज चुकी है पुलिस इस मामले में सात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था। जिसमें पांच आरोपितों को पुलिस जेल भेज चुकी है। जबकि ये दोनों फरार चल रहे हैं। मेरठ जिले के जानी थाना क्षेत्र स्थित गांव रसूलपुर धौलड़ी के पप्पू ने निवाड़ी के खिंदौड़ा गांव में आम का बाग ठेके पर लिया हुआ था।

### आरोपितों के एनकाउंटर व मकान के ध्वस्तीकरण की मांग

इस मामले में आरोपितों के एनकाउंटर व मकान के ध्वस्तीकरण की मांग को लेकर स्वजन समेत गांव के बड़ी संख्या में लोगों ने हंगामा किया। पुलिस ने पप्पू के भाई की शिकायत पर मोहित, सुधीर, दीपक पुत्र सुधीर, लवली, दीपक पुत्र कांती, आसिफ और बिट्टू के खिलाफ केस दर्ज किया।

### आरोपितों ने की थी ताबड़तोड़ फायरिंग

10 दिन पहले पप्पू अपने बेटे राजा व चांद के साथ रात के समय बाइक से दूसरे बाग पर जा रहे थे। इस बीच खिंदौड़ा-धौलड़ी रजवाहा पटरी मार्ग पर बाइक सवार आरोपितों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। जिसमें राजा व पप्पू की मौत हो गई जबकि, चांद गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अंडरग्राउंड हो गए हैं दोनों आरोपित

पुलिस ने मोहित, सुधीर, दीपक पुत्र सुधीर, लवली व बिट्टू को घटना के पांच दिन के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। जबकि, फरार दो आरोपितों का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है। दोनों आरोपित अंडरग्राउंड हो गए हैं। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया हुआ है। लेकिन आरोपितों का पता नहीं चला। डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है।

दोनों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। यदि आरोपित जल्द नहीं मिलते हैं तो अन्य कार्रवाई भी कराई जाएगी।

# राजनगर के योगा शेड को लेकर सम्भ्रांत नागरिकों ने डाला पार्क में डेरा

### पार्षद प्रवीण चौधरी ने लिखा पत्र और कहा मिले योग की सुविधा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनगर के सैक्टर-10 में लोग रोजाना योग करते हैं। यहां पर योग करने वालों में महिलाओं की संख्या भी है और सीनियर सिटीजन भी आते हैं। बताते हैं कि रोजाना और नियमित रूप से योग होता रहे इसके लिए स्थानीय वरिष्ठ लोगों ने यह तय किया कि एक ऐसे अस्थायी योगा शेड का निर्माण कर लिया जाये जिससे बरसात के मौसम में सर्दियों के मौसम में योग करने वाले लोगों को परेशानी ना हो और इसका निर्माण इस तरीके से किया जाये कि सभी नियमों का पालन हो और किसी प्रकार का कब्जा नहीं हो।

इसके बाद यहां के वरिष्ठ नागरिकों ने राजनगर सैक्टर-10 के पार्क में अस्थायी योगा शेड का निर्माण शुरू कराया। जिसमें ऊपर शेड होगा और नीचे जमीन कच्ची रहेगी। यह पूरी तरह से अस्थायी निर्माण है लेकिन यहां के लोगों का कहना है कि इस निर्माण में बाधा एक ऐसे व्यक्ति ने उत्पन्न कर दी जो इस वार्ड के निवासी भी नहीं है। ये लोग निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। इसे लेकर लोग अपने पार्षद प्रवीण चौधरी से मिले। प्रवीण चौधरी ने जनता के हित और योग की सुविधा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए एक पत्र मेयर और नगर आयुक्त को लिखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने भी एक पत्र लिखा। पत्र में लोगों ने कहा कि जो लोग बाधा डाल रहे हैं वो ठेकेदार को ब्लैकमेल करना चाह रहे है और अपने पार्षद प्रवीण चौधरी से निवेदन किया है कि वो जनता के लिए योग शेड का निर्माण करा दें। इसके बाद पार्षद प्रवीण चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और उन्होंने कहा कि ये किसी तरह के अवैध निर्माण में नहीं आता है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार योग के प्रचार के लिए प्रतिबद्ध है और यदि क्षेत्र के वरिष्ठ और संभ्रात नागरिक, क्षेत्र की महिलाऐं पार्क में एक स्थान पर सुबह शाम निश्चित समय के लिए योग करने आते हैं तो उन्हें योग की सुविधा उपलब्ध कराना सभी का दायित्व है। पार्षद के पत्र के बाद सैक्टर-10 के इस पार्क में स्थानीय लोगों ने भी डेरा डाला। वरिष्ठ नागरिकों का कहना है कि पार्क में कोई कब्जा नहीं हो रहा और यदि वार्ड के नागरिकों की सुविधा के लिए नियमों के तहत कोई काम हो रहा है तो उसमें कुछ लोग अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। मंगलवार को क्षेत्र के लोग पार्क में जमे रहे। उनका कहना था कि अगर क्षेत्र के वरिष्ठ, सीनियर सिटिजन और महिलाओं को योग जैसी विधा की सुविधा मिल रही है तो यह शेड स्थापित होना चाहिए। स्थानीय लोगों ने भी ऐलान कर दिया है कि वो इस शेड का निर्माण करायेंगे।

### सम्भ्रांत रेजीडेंट बोले पार्षद ने बनाया है इस पार्क को बहुत सुंदर

**करंट क्राइम।** पार्क में योग शेड का मामला जहां नगर आयुक्त और मेयर के पास पहुंचा, वहीं क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों ने भी मुहिम छेड़ी। जो पत्र लिखा गया है उसमें भागीरथ स्कूल के संचालक और जन सेवा के लिए एनजीओ चलाने वाले अनादी शुक्ल के हस्ताक्षर है। सेक्टर 10 में रहने वाले आरके त्यागी, ललित कुमार, रितु शर्मा, वीरेन्द्र सारस्वत, संजय बंसल, आरपी गर्ग, अमित फोगाट, विवेक, ज्ञानेन्द्र, समीर सहित 20 लोगों के हस्ताक्षर हैं। इन सभी लोगों का कहना है कि उनके पार्षद प्रवीण चौधरी अच्छा कार्य कर रहे हैं और उन्होंने ही इस पार्क में फेंसी लाइट आदि से इस पार्क को बहुत सुंदर बनाया है। बहरहाल लोगों ने योग के लिए इस शेड को बनाये जाने की मांग की है।

### कविनगर में भी बना है जन योग साधना केन्द्र

**करंट क्राइम।** योग को लेकर जहां सरकार प्रतिबद्ध है वहीं ऐसा नहीं है कि राजनगर में पहली बार योग शेड का निर्माण हो रहा है। कवि नगर में योग के प्रचार प्रसार के लिए पहले से ही जन योग साधना केन्द्र बना हुआ है। राजनगर में भी जब ऐसा केन्द्र विकसित हो जायेगा तो यहां अन्य लोगों को भी सुविधा होगी और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी किसी भी मौसम में योग करने की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी। क्षेत्रीय नागरिक इसकी मांग भी कर रहे हैं और अब इस मामले में उनके पार्षद प्रवीण चौधरी आये हैं।

## संपादकीय

# अब घर बैठे दर्ज करें मुकदमा

सामाजिक बदलावों और जरूरतों के मुताबिक कानूनों में संशोधन और अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को समाप्त करना जरूरी होता है। इस लिहाज से औपनिवेशिक काल से चले आ रहे कानूनों की समीक्षा और उनमें नए तीनों कानून लागू हो गए। सरकार का कहना है कि इन कानूनों के जरिए न्याय सुनिश्चित होगा, पुराने कानूनों का बल दंड पर अधिक था। नए कानूनों से आधुनिक प्रणाली स्थापित होगी। इनमें अब घर बैठे प्राथमिकी दर्ज कराने, शून्य प्रथमिकी के तहत किसी भी थाने में शिकायत दर्ज कराने जैसी सहूलियतें दी गई हैं, जिससे लोगों का समय बचेगा और त्वरित कार्रवाई हो सकेगी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद अदालतों को भी तय समय के भीतर फैसला सुनाने की बाध्यता होगी। बलात्कार, बाल यौन शोषण जैसे मामलों में जांच और सुनवाई संबंधी सख्त नियम बनाए गए हैं।

निस्संदेह, मामलों की जांच और सुनवाई में गति आएगी, तो लोगों को न्याय मिल सकेगा। मगर विपक्ष का कहना है कि इन कानूनों में कुछ ऐसी सख्त धाराएं बनाई गई हैं, जिनसे पुलिस को मनमानी का अधिकार मिलता और मानवाधिकारों के हनन का रास्ता खुलता है। खासकर आपराधिक कानूनों को लेकर व्यापक विरोध देखा जा रहा है। दरअसल, ये कानून विपक्ष की गैरमौजूदगी में और बिना किसी बहस के पारित हो गए थे, इसलिए इन पर विशद चर्चा नहीं हो पाई थी। इसलिए भी इनकी कई धाराओं को लेकर भ्रम और विवाद की गुंजाइश बनी हुई है।

सामाजिक बदलावों और जरूरतों के मुताबिक कानूनों में संशोधन और अप्रासंगिक हो चुके कानूनों को समाप्त करना जरूरी होता है। इस लिहाज से औपनिवेशिक काल से चले आ रहे कानूनों की समीक्षा और उनमें बदलाव जरूरी थे। हालांकि ऐसा भी नहीं कहा जा सकता कि सारे कानून ब्रिटिश राज के समय से जस के तस चले आ रहे थे। उनमें समय–समय पर बदलाव होते रहे हैं, जिन कानूनों की प्रासंगिकता नहीं रह गई थी, उन्हें समाप्त भी किया गया। मगर फिर भी बहुत सारे कानून बदली स्थितियों से मेल नहीं खाते थे।

पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह अपराधों की प्रकृति बदली और देश की अखंडता और संप्रभुता को चुनौती देने वाली गतिविधियां बढ़ी हैं, आतंकवादी संगठनों की सक्रियता बढ़ी है, उसमें कुछ सख्त कानूनों की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। मगर आपराधिक कानून बनाते समय यह ध्यान रखना भी जरूरी होता है कि उनका दुरुपयोग न होने पाए, उनके चलते सामान्य नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन न हो। औपनिवेशिक समय के राजद्रोह कानून की जगह देशद्रोह कानून लाने की इसीलिए सबसे अधिक आलोचना हो रही है कि उससे लोगों में नागरिक अधिकारों के हनन का भय अधिक पैदा होता है।

हालांकि हर नए कानून के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा तो होती ही है, होनी भी चाहिए, मगर उन पर आम सहमति बने बिना लागू किए जाने से विवाद और नाहक भय का वातावरण बनता है। जब तक आम नागरिकों में इन कानूनों को लेकर भरोसा नहीं बनेगा, विरोध के स्वर उठते रहेंगे। जब ये कानून संसद में पारित हुए थे, तब उसके एक हिस्से को लेकर ट्रक चालकों ने देशव्यापी हड़ताल की थी। अब कई जगह खुद वकील इनके विरोध में उतरने वाले हैं। कुछ राज्यों ने इनके विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी है। संसद में विपक्ष तो हमलावर है ही।

# भारत के ऑटो सेक्टर में तेजी, अधिक मांग से बढ़ रही बिक्री



**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था के तेज गति से आगे बढ़ने के कारण ऑटो सेक्टर में तेजी बनी हुई है। इसके कारण दोपहिया, कारों और कमर्शियल वाहनों की बिक्री में इजाफा हो रहा है। ऑटो सेक्टर से जुड़े लोगों के मुताबिक, एसयूवी सेगमेंट में नए लॉन्च होने के कारण यात्री वाहनों की ब्रिकी बढ़ रही है। वहीं, ग्रामीण इलाकों की आय बढ़ने की वजह से दोपहिया वाहनों की ब्रिकी में इजाफा हुआ है। कृषि और इंडस्ट्री क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल वाहनों की मांग में भी इजाफा हुआ है, जो कि दिखाता है कि देश में आर्थिक गतिविधियां बढ़ी हैं। टाटा मोटर्स की कमर्शियल इकाई की ओर से जून 2024 में 15,224 (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर) वाहनों की ब्रिकी की गई। यह आंकड़ा जून 2023 में 14,770 पर था। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कुल 41,974 वाहनों की ब्रिकी हुई है। यह वित्त वर्ष 24 में समान अवधि में 36,577 था। देश की सबसे बड़ी कार विक्रेता कंपनी मारुति की भी जून 2024 में सालाना आधार पर बिक्री 3 प्रतिशत से बढ़कर 1,37,160 यूनिट्स हो गई है जो कि जून 2023 में 1,33,037 यूनिट्स थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की बिक्री सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत बढ़कर 4,19,114 यूनिट्स हो गई है। यात्री वाहन कंपनी हुंडई की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में कंपनी की ब्रिकी में सालाना आधार पर 5.68 प्रतिशत की बढ़त हुई है। घरेलू बिक्री का 66 प्रतिशत हिस्सा एसयूवी की बिक्री से आया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा की ब्रिकी में जून में 23 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। बीते महीने कंपनी ने घरेलू बाजार में 40,022 वाहनों की ब्रिकी की। निर्यात मिलाकर ये आंकड़ा 40,644 का था। कंपनी ने इस दौरान 20,594 कमर्शियल वाहनों की बिक्री की है।

इसके अलावा दोपहिया वाहनों की बिक्री में भी इजाफा देखने को मिला है। बजाज ऑटो की घरेलू बाजार में जून में दोपहिया वाहनों की बिक्री 7 प्रतिशत बढ़कर 1,77,207 यूनिट्स रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 1,66,292 यूनिट्स थी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर्स इंडिया की ब्रिकी जून में सालाना आधार पर 60 प्रतिशत बढ़कर 5,18,799 यूनिट्स रही है। टीवीएस मोटर्स की ओर से जून में 3,33,646 यूनिट्स की बिक्री की गई है। इसमें सालाना आधार पर 5 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

# भारत केंद्रित ईटीएफ में जून में आया एक अरब डॉलर से ज्यादा का इनफ्लो



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशक जमकर निवेश कर रहे हैं। यूएस एक्सचेंज पर लिस्टेड भारत केंद्रित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जून माह में बड़ा इनफ्लो देखने को मिला है। ईशेयर्स एमएससीआई इंडिया ईटीएफ, फ्रैंकलिन एफटीएसई इंडिया ईटीएफ और विसडमट्री इंडिया अर्निंग फंड में कुल 1.08 अरब डॉलर का निवेश बीते महीने हुआ है, जो दिखाता है कि विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार में आ रहे उछाल के मौके को भुनाना चाहते हैं। जून में आईशेयर्स एमएससीआई इंडिया ईटीएफ में 496 मिलियन डॉलर, फ्रैंकलिन एफटीएसई इंडिया ईटीएफ में 326 मिलियन डॉलर और विसडमट्री इंडिया अर्निंग फंड में 262 मिलियन डॉलर का निवेश आया है। भारतीय शेयर बाजार में 2024 की शुरूआत से तेजी बनी हुई है। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी ने करीब 11 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दिया है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी की वजह अर्थव्यवस्था की गति तेज होना है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी और मौजूदा समय में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। जून में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (एफपीआई) की ओर से शेयर बाजार में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जो दिखाता है कि भारतीय शेयर बाजार को लेकर निवेशक आशावादी हैं।

# ऑल-टाइम हाई पर शेयर बाजार, जारी रहेगा तेजी का ट्रेंड : एक्सपर्ट



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन 2024 में अब तक शानदार रहा है। इस वर्ष की पहली छमाही में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने करीब 10 प्रतिशत का रिटर्न निवेशकों को दिया है। जानकारों का मानना है कि आगे आने वाले समय में भी यह ट्रेंड जारी रह सकता है। एक्सपर्ट्स इसकी वजह विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार में की जा रही खरीदारी और फेड द्वारा ब्याज दरों में कमी की संभावना को मान रहे हैं। इस वजह से खर्च बढ़ सकता है और यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। बता दें, पिछले कुछ दिनों से बाजार के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब रोज नया ऑल टाइम हाई बना रहे हैं। 2 जुलाई को बाजार खुलते ही सेंसेक्स और निफ्टी ने 79,855 और 24,236 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर का कहना है कि हमें लगता है कि आने वाले समय में ये ट्रेंड जारी रह सकता है। इसकी वजह खर्च बढ़ने की उम्मीद है। निवेशकों के लिए फेड स्पीच काफी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे ब्याज दर की दिशा तय होगी। इसका असर बाजार पर देखने को मिल सकता है। एफपीआई की ओर से जून में कुल 26,565 करोड़ रुपये भारतीय शेयर बाजार में निवेश किए गए हैं। बता दें, अप्रैल और मई के महीनों में विदेशी निवेशकों द्वारा शेयर बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाली की जा रही थी। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स में लिस्टेड इन्वेस्टमेंट के डायरेक्टर विपुल भोवार ने कहा कि चुनाव के बाद नई सरकार बनने और सुधार को लेकर प्रतिबद्धता दिखाए जाने के कारण जीडीपी विकास दर के अनुमान अच्छे हैं। इससे विदेशी निवेशक भारत की ओर से आकर्षित हुए हैं।

बाजार ऊपरी स्तरों पर होने के कारण फॉरेन पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) पूरे बाजार की जगह कुछ चुनिंदा सेक्टर जैसे फाइनेंसियल, ऑटो, कैपिटल गुड्स, रियल एस्टेट और चुनिंदा कंज्यूमर शेयरों में खरीदारी कर रहे हैं। हमें उम्मीद है आने वाले समय में यह ट्रेंड जारी रहेगा। भोवार ने आगे कहा कि बाजार का आने वाले समय में फोकस बजट और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के कॉरपोरेट नतीजों पर होगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में भी मजबूत रहेगी: नोमुरा




**नई दिल्ली।** मजबूत आर्थिक विकास दर और महंगाई कम रहने के कारण व्यापक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़ें वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में मजबूत रहेंगी। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की ओर से कही गई। नोमुरा ने कहा कि भारत में रिटेल महंगाई दर वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 4.8 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 के अंत में 5.7 प्रतिशत थी। ला नीना, चावल के पर्याप्त भंडार और दालों का उत्पादन बढ़ने के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में भी कमी देखने को मिल सकती है। नोमुरा के एनालिस्ट ने आने वाले बजट को लेकर कहा है कि इसमें फोकस पूंजीगत व्यय और राजकोषीय समेकन पर हो सकता है। ब्रोकरेज का फोकस मैन्युफैक्चरिंग और खपत से जुड़ी निवेश थीम्स पर है। नोमुरा ने कहा कि बजट सरकार की दिशा को दिखाएगा। इसमें पहले के मुकाबले कोई ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलेगा। बता दें कि केंद्र में नई सरकार के बनने के बाद पूर्ण बजट इसी महीने पेश किया जाना है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। नोमुरा का मानना है कि भारत में सुधार राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं। हमारा मानना है कि सरकार सुधारों की गति जारी रकेगी। जमीन और श्रम से जुड़े कठिन सुधार को राज्यों पर छोड़ दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। देश की वृद्धि दर तेज बनी हुई है। महंगाई कम हो रही है और साथ ही चालू खाते की स्थिति भी उत्साह पैदा करने वाली है।

## राशिफल

**मेष:** नौकरी कर रहे जातकों को अपनी नौकरी में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। सीनियर से बातचीत करते समय वाणी की मधुरता को बनाए रखें।

**वृष:** कार्यक्षेत्र में आप अपने दिए गए कार्यों को समय से पहले पूरा करेंगे. उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार की भी प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** ससुराल पक्ष से कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा, जिससे आप काफी खुश नजर आएंगे. अगर आपने पहले कोई निवेश किया हुआ है।

**कर्क:** आप अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में सुबह की सैर, योगा व ध्यान को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे।

**सिंह:** जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं, कल उन्हें कोई अच्छी डील मिलेगी, जिससे उन्हें अच्छा खासा लाभ मिलेगा. बिजनेस कर रहे।

**कन्या:** व्यवसाय कर रहे जातकों को व्यवसाय को आगे बढ़ाने में जो समस्याएं आ रही हैं, उसके लिए वह अपने सहयोगियों से सहायता लेंगे।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी. जीवनसाथी को कोई नया कार्य शुरू कराएंगे, जिससे आय में बढ़ोतरी हो सके।

**धनु:** गृहस्थजीवन में सुख शांति बनी रहेगी. भाई, बहन में चली आ रही कलह समाप्त होगी।

**मकर:** पारिवारिक जीवन में सुख शांति बनी रहेगी. माताजी का सानिध्य व सहयोग मिलेगा. पैतृक संपत्ति से धन लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** कार्यक्षेत्र में आप अपने दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करेंगे. कल आपको नई नौकरी का भी ऑफर आएगा. बेरोजगार लोगों को अच्छा रोजगार मिलेगा।

**मीन:** आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी. आपके मन की कोई इच्छा पूरी होगी. जीवनसाथी की सेहत में सुधार होगा।

## चुटकुले

पिता– अगर तुम इस बार भी फेल हो गए तो मुझे पापा मत कहना....
कुछ दिन बाद...
पिता– तुम्हारे रिजल्ट का क्या रहा चिंटू...
चिंटू– दिमाग खराब मत करो रमेश...तुम अपने बाप होने का हक खो चुके हो।
दे जूते.....दे चप्पल.....दे जूते।

---

डॉक्टर– जब तुम तनाव में होते हो तो क्या करते हो?
मरीज– जी, मंदिर चला जाता हूं...
डॉक्टर– बहुत बढ़िया, ध्यान लगाते हो वहां?
मरीज– जी नहीं, लोगों के जूते चप्पल मिक्स कर देता हूं, फिर उन लोगों को देखता रहता हूं...
उनको तनाव में देख कर मेरा तनाव दूर हो जाता है।

---

सोनू जलेबी बेच रहा था, लेकिन कह रहा था
आलू ले लो, आलू ले लो...
राहगीर– लेकिन ये तो जलेबी है
सोनू– चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर पाये जाते हैं।
- दुनिया के अधिकतर लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट के भीतर ही सो जाते हैं।
- आप जिससे प्यार करते हैं उसके बगल में सोने से न केवन अवसाद में कमी आती है बल्कि आपकी उम्र भी बढ़ती है, आपको नींद अच्छी और गहरी आती है।
- क्या आप जानते है कि, भारत ने 100000 वर्षो में एक बार भी किसी के ऊपर पहले आक्रमण नहीं किया है।
- नाक पकड़ें कहीं गर्म तो नहीं हैं, क्या कहा गर्म है, यानी आप झूठ बोलते हैं, झूठ बोलने में पीएचडी किए हो क्या।
- हीरे की खुदाई सबसे पहले हमारे भारत देश में ही हुआ था।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि औसतन कोई भी इंसान 1 साल में 50 लाख बार सांस लेता है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- इंसान एक दिन में आधे घंटे सोने के बराबर पलके झपकाता है।
- इटली के अधिकतर लोग नए साल पर लाल रंग का अंडरवियर पहनते हैं, वो इसे लकी मानते हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'नेपाल भी अपनी टीम में नहीं रखेगा', पाकिस्तान के इस पूर्व खिलाड़ी ने बाबर आजम पर साधा निशाना



**कराची।** पाकिस्तानी टीम का हाल ही में अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में संपन्न हुए टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। बाबर आजम की अगुआई वाली टीम ग्रुप चरण से ही बाहर हो गई थी। पाकिस्तान ग्रुप-ए में शामिल था जिसमे भारत, कनाडा, आयरलैंड और अमेरिका भी शामिल थे। पाकिस्तान को भारत तथा अमेरिका से हार मिली थी जिस कारण वह सुपर आठ चरण के लिए क्वालिफाई नहीं कर सका। इस हार के बाद से ही बाबर आजम पूर्व खिलाड़ियों के निशाने पर हैं। पाकिस्तान के पूर्व खिलाड़ी शोएब मलिक ने एक बार फिर बाबर की आलोचना की। शोएब ने कहा कि पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बाबर आजम शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लायक नहीं है और यहां तक कि नेपाल भी उन्हें अपनी टीम में नहीं रखेगा। बाबर को टी20 विश्व कप से ठीक पहले शाहीन अफरीदी की जगह दोबारा टीम की कमान सौंपी गई थी, लेकिन इससे टीम के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ा। पाकिस्तान ने अपने अभियान की शुरूआत अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार से की थी। इसके बाद उसे पाकिस्तान के खिलाफ करीबी मुकाबले में छह रन से हार मिली।

### बाबर पर भड़के शोएब मलिक

सोशल मीडिया एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमे शोएब मलिक एक कार्यक्रम में बाबर की आलोचना कर रहे हैं। इस शो में शोएब ने कहा, मैं सिर्फ चार-पांच शीर्ष टीमों की बात कर रहा हूं। क्या बाबर आजम इन टीमों की प्लेइंग-11 में शामिल हो सकते हैं? भारत, ऑस्ट्रेलिया या इंग्लैंड उन्हें इस प्रारूप में लेंगी? जवाब है नहीं।

पहले दो मैच हारने के बाद पाकिस्तानी टीम को पूर्व खिलाड़ियों के अलावा प्रशंसकों की आलोचना का भी सामना करना पड़ा था। उन्होंने ग्रुप-ए के अन्य दो मैच जीते थे। पाकिस्तान ने कनाडा को सात विकेट से और आयरलैंड के खिलाफ तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। हालांकि, यह उसके लिए आगे बढ़ने के लिए काफी नहीं था और अमेरिका की टीम पांच अंक लेकर इस ग्रुप से भारत के बाद सुपर आठ चरण में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी थी। बाबर ने इस दौरान चार मैचों में 122 रन बनाए थे और उनका स्ट्राइक रेट 101.66 का रहा था। बाबर का टूनामेंट में सर्वश्रेष्ठ स्कोर 44 रन था।

# पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री



**फ्रैंकफर्ट।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया। पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3-0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा। इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0-0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरूआत दी। वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूनामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने सोमवार को बेल्जियम को 1-0 से हराया था। कोस्टा, इस रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के लिए हीरो रहे। उन्होंने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई। इस बीच, उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल की 3-0 से जीत सुनिश्चित हुई और क्वार्टर फाइनल में जगह बनी। 24 वर्षीय कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना बेस्ट दिया है। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा। न्यूज एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा, कोस्टा हमारा सीक्रेट हथियार है। उसने इस रोमांचक मुकाबले में अपनी ताकत दिखाई। कोस्टा के शानदार प्रदर्शन से पहले, कप्तान रोनाल्डो के पास विजयी गोल करने का मौका था, लेकिन स्लोवेनियाई गोलकीपर ने उनके पेनल्टी को बचा लिया। पेनल्टी चूकने के बाद, भावुक रोनाल्डो को टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ ने सांत्वना दी। जबकि पुर्तगाली प्रशंसकों ने 39 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का समर्थन करने के लिए विवा रोनाल्डो का नारा लगाया। रोनाल्डो ने मैच के बाद के कहा, ₹इस मैच ने मुझे दुखी होने के साथ खुश होने का मौका भी दिया। यह फुटबॉल है। आप इसे समझ नहीं सकते, मेरे पास मैच को तय करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया इसलिए मैं काफी भावुक हो गया था। हालांकि, अपने आंसू पोंछते हुए रोनाल्डो ने खेलना जारी रखा और पेनल्टी शूटआउट में पहले स्थान पर आकर भरपूर आत्मविश्वास के साथ पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। मार्टिनेज ने रोनाल्डो के बारे में कहा, रोनाल्डो एक्स्ट्रा टाइम में पेनल्टी चूक गए, लेकिन शूटआउट में वे सबसे पहले आए और हमें जीत की ओर ले गए। यह ड्रेसिंग रूम से लेकर मैदान तक पूरी टीम की जीत थी। रोनाल्डो हमारे लीडर हैं, और वे हमें मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह दिखाते हैं कि सबसे कठिन समय में भी हमें कभी हार नहीं माननी चाहिए।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में दिखेंगे युवराज, रैना, आफरीदी और गेल सहित बड़े सितारे

**मुंबई।** युवराज सिंह, सुरेश रैना, शाहिद आफरीदी, केविन पीटरसन, यूनिस खान, क्रिस गेल सहित क्रिकेट के बड़े सितारे वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के पहले संस्करण में एक बार फिर मैदान में दिखाई देंगे। टूनार्मेंट 3 से 13 जुलाई तक इंग्लैंड के बर्मिंघम में एजबस्टन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्ट इंडीज, दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड वे छह टीमें हैं जो इस टूनार्मेंट में भाग लेंगी। प्रत्येक टीम एक-दूसरे के खिलाफ एक बार खेलेगी, और शीर्ष चार सेमीफाइनल में पहुंचेंगी जिसके बाद फाइनल होगा। भारत का पहला मैच 3 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ होगा, जो टूनार्मेंट का शुरूआती मैच भी है, जबकि भारत-पाकिस्तान का बड़ा मुकाबला 6 जुलाई को होना है।


**पूरी टीमें और कार्यक्रम इस प्रकार हैं:**

**भारतीय टीम:** युवराज सिंह, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायुडू, यूसुफ पठान, गुरकीरत मान, राहुल शर्मा, नमन ओझा, राहुल शुक्ला, आरपी सिंह, विनय कुमार, धवल कुलकर्णी, अनुरीत सिंह, पवन नेगी ऑस्ट्रेलिया टीमः ब्रेट ली, टिम पेन, शॉन मार्श, बेन कटिंग, बेन डंक, डर्क नैनेस, डैन क्रिश्चियन, बेन लाफलिन, आरोन फिंच, जॉन हेस्टिंग, ब्रैड हैडिन, कैलम फर्ग्यूसन, पीटर सिडल, जेवियर डोहर्टी, नाथन कूल्टर-नाइल दक्षिण अफ्रीका टीमः जैक्स कैलिस, इमरान ताहिर, हर्शल गिब्स, मखाया एंटिनी, डेल स्टेन, एश्वेल प्रिंस, नील मैकेंजी, रयान मैकलॉरेन , जस्टिन ओनटोंग, रोरी क्लाइंडफ्लेट, जेपी डुमिनी, रिचर्ड लेवी, डेन विलास, वेर्नोन फिलेंडर, चार्ल लैंगवेल्ट वेस्टइंडीज टीमः क्रिस गेल, डेरेन सैमी, सैमुअल बद्री, टीनो बेस्ट, रयाद रयान एमरिट, जेसन मोहम्मद, नवीन स्टीवर्ट, एश्ले नर्स, ड्वेन स्मिथ, सुलेमान बेन, चैडविक वाल्टन, जेरोम टेलर, फिडेल एडवर्ड्स, कर्क एडवर्ड्स, जोनाथन कार्टर

**पाकिस्तान टीम:** शरजील खान, उमर अकमल, यूनिस खान, शोएब मलिक, मिस्बाह उल हक, शाहिद आफरीदी, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज, सोहेल तनवीर, सोहेल खान, अब्दुल रहमान, आमिर यामीन, तौफीक उमर, शोएब मकसूद, यासिर अराफात, तनवीर अहमद

**इंग्लैंड टीम:** केविन पीटरसन, रवि बोपारा, इयान बेल, समित पटेल, ओवैस शाह, मस्टर्ड फिलिप, साजिद महमूद, क्रिस स्कोफील्ड, अजमल शहजाद, रयान साइडबॉटम, उस्मान अफजल, स्टुअर्ट मीकर, केविन ओ'ब्रायन, डेरेन मैडी क्रिकेट प्रशंसक फैनकोड मोबाइल ऐप (एंड्रॉइड, आईओएस) और टीवी ऐप पर सभी गतिविधियां देख सकेंगे।

# एंडी मरे विम्बलडन एकल से हटे ,भाई जैमी के साथ युगल खेलेंगे



**लंदन।** दो बार के चैंपियन एंडी मरे वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लैम विम्बलडन के एकल मुकाबलों से हट गए हैं लेकिन अपने भाई जैमी के साथ युगल खेलने की योजना बना रहे हैं। 37 वर्षीय खिलाड़ी, जिनकी 10 दिन पहले रीढ़ की हड्डी में सिस्ट की सर्जरी हुई थी, को मंगलवार को सेंटर कोर्ट पर पहले दौर में चेक प्रतिद्वंद्वी टॉमस मचाक का सामना करना था। सोमवार को अभ्यास करने के बावजूद, स्कॉट ने अब पुष्टि की है कि वह अपना ध्यान युगल में प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित करेंगे। मरे की टीम ने एक बयान में कहा, दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले हुए ऑपरेशन के बाद से अपनी रिकवरी पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करने के बावजूद, एंडी ने इस साल एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, वह बेहद निराश है लेकिन उन्होंने पुष्टि की है कि वह जैमी के साथ युगल में खेलेंगे और आखिरी बार विंबलडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक है। मरे का विम्बलडन में 61-13 का एकल रिकॉर्ड है। उन्होंने दो बार ट्रॉफी जीती है, 2013 में वह 1936 में फ्रेड पेरी के बाद टूनामेंट में पहले ब्रिटिश पुरुष एकल चैंपियन बने। मरे को हाल के वर्षों में चोटों का सामना करना पड़ा है। पिछले महीने केवल पांच मैचों के बाद क्वींस में ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ मैच से उन्हें रिटायर होना पड़ा क्योंकि एक सिस्ट के कारण उनकी पीठ की नस दब गई थी, जिससे उनका दाहिना पैर सुन्न हो गया था।

# टी20 विश्व कप जीतने के बाद विदाई भाषण में भावुक हुए द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारत द्वारा बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद, आईसीसी ट्रॉफी के लिए अपने 11 साल के इंतजार को खत्म करते हुए पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ड्रेसिंग रूम में एक प्रेरणादायक स्पीच दी। राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों और उनकी लड़ाई की भावना की प्रशंसा की, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल के दौरान दिखी। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने करियर के आंकड़े भूल सकते हैं, लेकिन इस तरह के क्षण हमेशा उन्हें याद रहेंगे। द्रविड़ ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मेरे पास वास्तव में शब्द नहीं हैं, लेकिन मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मुझे इस यादगार जीत का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद। आप सभी को यह पल याद रहेंगे। यह रन और विकेट के बारे में नहीं है; आप अपने करियर को कभी याद नहीं रखेंगे, लेकिन आप इस तरह के पलों को याद रखेंगे।" द्रविड़, जो पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो आईसीसी फाइनल हारने के लिए आलोचनाओं के घेरे में थे, उन्होंने अपने कार्यकाल का अंत जीत के साथ किया। द्रविड़ ने कहा, मैं आप लोगों पर इससे अधिक गर्व नहीं कर सकता, जिस तरह से आपने वापसी की, जिस तरह से आपने संघर्ष किया, जिस तरह से हमने एक टीम के रूप में काम किया और धैर्य बनाए रखा..., वह सराहनीय है। टीम इंडिया में 'द वॉल' के नाम से मशहूर द्रविड़ ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, यह आपका पल है दोस्तों... याद रखें, यह किसी एक व्यक्ति के बारे में नहीं है, यह एक टीम के बारे में है। हमने इसे एक टीम के रूप में जीता है। हमने पिछले महीने में जो कुछ भी किया, वह सब एक टीम के रूप में किया। यह हम सभी के बारे में है, किसी एक व्यक्ति के बारे में नहीं।

# किंग्समीड मैदान में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 को रोशन करेंगे क्रिकेट के कई महानायक




**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन में प्रतिष्ठित किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम बहुप्रतीक्षित विश्व मास्टर्स लीग टी 20 की मेजबानी को लेकर तैयार है। अगस्त 2024 के पहले सप्ताह से शुरू होने वाली इस लीग में इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स, गल्फ सुपरस्टार्स, सिडनी स्पार्टन्स, कोलंबो टाइटन्स, लाहौर लायंस और कैरेबियन पाइरेट्स जैसी 6 टीमें शामिल हैं। वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी 20 में भारत, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड जैसे कई देशों के पावरहाउस खिलाड़ियों का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। जिसको लेकर दुनिया भर के प्रशंसकों में रोमांच का माहौल बना हुआ है। आयोजन स्थल की घोषणा करते हुए वर्ल्ड मास्टर्स लीग के सीईओ राजीव मिश्रा ने कहा, हम वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 को प्रतिष्ठित किंग्समीड क्रिकेट स्टेडियम में लाने को लेकर काफी रोमांचित हैं। इस स्थल का एक समृद्ध इतिहास रहा है और निश्चित तौर पर यह कुछ महानतम क्रिकेट प्रतिभाओं को चमकने के लिए आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करेगा। इस टी 20 लीग के दौरान दक्षिण अफ्रीका के पूर्व धाकड़ बल्लेबाज हर्षल गिब्स, भारतीय क्रिकेट टीम की शान रहे सुरेश रैना, मास्टर क्लास मोहम्मद कैफ और मुनाफ पटेल के साथ ही पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब मलिक और श्रीलंका के महान क्रिकेटर एंजेलो परेरा शिरकत करते नजर आएंगे। वर्ल्ड मास्टर लीग टी 20 में शामिल होने के सवाल पर शोएब मलिक ने कहा, वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 लीग का हिस्सा होना शानदार अनुभव होने वाला है। यह टूनार्मेंट दुनिया भर के कुछ महानतम क्रिकेटरों को एक साथ ला रहा है और मैं उनके साथ मैदान साझा करने को लेकर काफी उत्सुक हूं।

यह रोमांचक मैचों से भरा एक शानदार आयोजन होने वाला है। इसके अलावा भारत के पूर्व घरेलू क्रिकेटर जेसल करिया, बिपुल शर्मा, अमितोज सिंह, अनुरीत सिंह, अभिमन्यु मिथुन, ईश्वर चौधरी और रॉबिन बिष्ट ने भी वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 ड्राफ्ट के लिए साइन अप कर लिया है। वर्ल्ड मास्टर्स लीग टी20 में 6 टीमों के बीच होने वाले 19 रोमांचक मुकाबले दर्शकों के लिए नॉन-स्टॉप मनोरंजन की गारंटी है।

इस बात की पूरी उम्मीद है कि जैसे जैसे टी 20 का ये कारवां आगे बढ़ता जाएगा खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों का रोमांच भी चरम पर होगा।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए भारतीय टीम में साई सुदर्शन, जितेश, हर्षित राणा शामिल



**नई दिल्ली।** बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन, विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा और तेज गेंदबाज हर्षित राणा को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया है। पांच मैचों की यह सीरीज 6 से 14 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेली जाएगी।

अंतरिम कोच वीवीएस लक्ष्मण के साथ भारतीय टीम सोमवार देर रात जिम्बाब्वे के लिए रवाना हुई। बीसीसीआई के बयान में बताया, पुरुष चयन समिति ने जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो टी20 मैचों के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल की जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को टीम में शामिल किया है। सैमसन, दुबे और जायसवाल जिन्हें जिम्बाब्वे जाने वाली टीम में शामिल होना था, वर्तमान में आईसीसी टी20 विश्व कप विजेता टीम के साथ हैं, जो तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में फंसे हुए हैं।

बीसीसीआई ने यह भी कहा कि तीनों खिलाड़ी हरारे जाने से पहले टी20 विश्व कप टीम के बाकी सदस्यों के साथ पहले भारत की यात्रा करेंगे।

इसमें बताया गया है, शनिवार, 6 जुलाई से शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे जाने वाली टीम में शामिल होने के लिए मूल रूप से निर्धारित, तीनों खिलाड़ी हरारे के लिए रवाना होने से पहले आईसीसी टी20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम के बाकी सदस्यों के साथ पहले भारत की यात्रा करेंगे।

टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के मंगलवार शाम (स्थानीय समय) को बारबाडोस से स्वदेश लौटने की उम्मीद है और बुधवार शाम (भारतीय समयानुसार) को दिल्ली में उतरेगी। जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले और दूसरे टी20 मैच के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, साई सुदर्शन, जितेश शर्मा (विकेट कीपर), हर्षित राणा।

# मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे

## कल तक जो लोग बोल रहे थे आदर्श घोटाला हुआ है, आज मेज थपथपा रहे हैं, वे लोग ज्यादा बोलते हैं, जो कहीं और से आयात होते हैं



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सभापति के बीच एक बार फिर नोक झोंक हुई। खड़गे ने अपने एक वक्तव्य में सोनिया गांधी की ओर इशारा करते हुए कहा, मुझे बनाने वाली यहां बैठी हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बनाने वाली सोनिया गांधी हैं। न रमेश मुझे बना सकता है, न आप बना सकते हैं, जनता ने मुझे बनाया। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, खड़गे जी आपको किसने बनाया है, यह आप खुद जानें, मैंने एक मुद्दा उठाया और आपने कैसे उसे ट्विस्ट किया है। आप ने मुझ पर लांछन लगने की कोशिश की। मैं एक साधारण व्यक्ति हूं, झुक कर चलना पसंद करता हूं। इससे पहले राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के एक बयान पर तीखी नाराजगी व्यक्त की थी। सभापति ने खड़गे से कहा कि आप अचानक खड़े होते हैं और कुछ भी कह देते हैं। मेरी बात को समझते भी नहीं हैं। संसदीय इतिहास में चेयर का इस तरह अनादर कभी नहीं हुआ। सभापति ने कहा, मेरे अंदर बहुत सहनशक्ति है, मैं खून का घूंट पी सकता हूं। मैंने क्या-क्या बर्दाश्त किया है, कितना बर्दाश्त किया है और आप फट से खड़े होकर कह देते हैं। दरअसल, राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। उसी समय खड़गे कुछ बोलने के लिए उठे तो पीछे से कांग्रेस सांसद जयराम रमेश भी कुछ कहने लगे। सभापति ने जयराम रमेश को बुद्धिजीवी कहते हुए बीच में टोका-टोकी न करने के लिए कहा। इसी दौरान खड़गे ने अपने अपमान का आरोप लगाया। इस पर सभापति ने कहा, खड़गे जी आप मेरी बात को नहीं समझ पाए, जितना मैं आपका आदर करता हूं, इसका एक अंश भी आप मेरे लिए करेंगे तो आपको महसूस होगा। मैंने यह कहा है जब प्रथम पंक्ति में आप जैसा 56 साल के अनुभव वाला व्यक्ति है, फिर आपको भी हर बार जयराम रमेश टीका-टिप्पणी कर मदद करना चाहते हैं। यह एक प्रॉब्लम है, जिसको आपको सॉल्व करना है। इससे पहले सदन में भारतीय जनता पार्टी के सांसद अशोक चव्हाण अपनी बात रख रहे थे। अशोक चव्हाण पर तंज कसते हुए कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, मुझसे पहले जो सदस्य सदन में बोल रहे थे, मुझे समझ में नहीं आया कि वह इस ओर से बोल रहे थे या उस ओर से। तिवारी ने कहा कि राजनीति में हमने 'आदर्श घोटाले' में बहुत सहा है। महाराष्ट्र के आदर्श घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वच्छता होनी चाहिए, ईमानदारी होनी चाहिए। कल तक जो लोग बोल रहे थे आदर्श घोटाला हुआ है, आज मेज थपथपा रहे हैं। वे लोग ज्यादा बोलते हैं, जो कहीं और से आयात होते हैं।

# कांग्रेस विधायक ने शिवकुमार की चेतावनी को किया नजरअंदाज, सिद्दारमैया का किया समर्थन



**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के मालवल्ली से कांग्रेस विधायक पी.एम. नरेंद्र स्वामी ने मंगलवार को सीएम सिद्दारमैया का समर्थन किया है। विधायक ने कहा कि सीएम सिद्दारमैया को पार्टी ने सीधे तौर पर नियुक्त नहीं किया है, बल्कि विधायकों से राय लेने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है। विधायक का यह बयान ऐसे समय में आया है जब उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कड़ी चेतावनी देते हुए पार्टी पदाधिकारियों से नेतृत्व के मुद्दों पर बयान देने से बचने को कहा है। विधायक ने मालवल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पार्टी अभी भी अपने विधायकों की बहुमत की राय से बंधी हुई है।

2023 में सिद्दारमैया को वोटिंग के जरिए सीएम चुना गया था। यह हमारी पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र है। अभी भी पार्टी आंतरिक लोकतंत्र के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी की संभावनाओं को देखते हुए दूसरों को भी अवसर दिए जाएंगे।

कांग्रेस विधायक शिवगंगा बसवराज ने बयान दिया कि शिवकुमार को सीएम बनाया जाना चाहिए। उनके इस बयान का जिक्र करते हुए विधायक नरेंद्रस्वामी ने कहा, मुख्यमंत्री बदलने का मामला किसी को खुश करने या तारीफ करने के लिए नहीं उठाया जाना चाहिए।

पहली बार विधायक बने व्यक्ति बहुत ज्यादा शोर मचा रहे हैं। इस मामले पर सार्वजनिक नहीं, पार्टी के भीतर चर्चा होनी चाहिए। नरेंद्र स्वामी ने दावा किया कि उन्होंने लंबे समय तक मांड्या जिले में पार्टी को खड़ा किया है।

मैं सड़कों पर जाकर अन्याय की शिकायत नहीं कर सकता। मैं उन लोगों की तरह अवसर पाने का हकदार हूं जो वर्तमान में मंत्री हैं। मेरे पास योग्यता और वरिष्ठता है, लेकिन मैंने पार्टी के फैसले को स्वीकार कर लिया है। अन्य लोगों को भी इसका पालन करना चाहिए।

# दबंगों से परेशान युवक ने की आत्महत्या, मौत से पहले दो वीडियो किए वायरल



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की ए-वन कॉलोनी निवासी एक युवक ने दबंगों से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले युवक ने दो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में एक रालोद नेता सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव सुल्तानपुर निवासी सलीम काफी समय से मुरादनगर की जलालपुर रोड स्थित ए-वन कॉलोनी में रहता था। सलीम का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था और वह तीन साल से अलग रह रहा था। जिस कारण वह डिप्रेशन में आ गया। सलीम के भाई गुलजार ने बताया कि सोमवार रात को सलीम पाइप लाइन मार्ग स्थित गुलशाह पीर के पास सुनसान स्थान पर पहुंच गया। सोमवार रात के आसपास किसी ने सूचना दी कि सलीम ने जहरीला पदार्थ खा लिया और वह बेहोश पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, हालत गंभीर होने पर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। देर रात सलीम ने दिल्ली के अस्पताल में दम तोड़ दिया। सलीम के दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि ब्यूरो प्रमुख नहीं करता है। एक वीडियो तीन मिनट व दूसरा डेढ़ मिनट का है।

एसीपी मंसूरी सर्किल गाजियाबाद नरेश कुमार का कहना है कि सलीम की मौत के मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में असलम खान व लियाकत निवासी ईदगाह रोड व शबाना निवासी अमन गार्डन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। एक आरोपी लियाकत को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### डिपरेशन में था, सुनसान जगह पर जाकर खाया जहरीला पदार्थ

**करंट क्राइम।** मृतक एक कॉलोनी निवासी महिला के सम्पर्क में था। गत 29 जून की रात को एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने अपनी सौतेली पुत्री से दुष्कर्म किया था। युवती की मां ने सलीम को मदद के लिए बुलाया था। सलीम ही युवती व उसकी मां को लेकर थाने गया था। इतना ही नहीं तहरीर भी युवती की मां की ओर से सलीम ने ही लिखी थी। पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। बताया जा रहा है कि सलीम कई दिन से परेशान चल रहा था

# कार न मिलने पर पति बना हैवान, देवर ने भी इज्जत पर डाला हाथ




**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र में एक महिला को तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि 5 लाख रुपये और कार को लेकर पति ने उसके साथ मारपीट की। यहीं नहीं देवर ने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए रेप की कोशिश की। पीड़िता ने इस मामले में थाना मुरादनगर में पति समेत 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तलाक देकर घर से निकाला

पीड़िता की शादी नवंबर 2020 में बागपत के कैतीपुरा मोहल्ला लक्ष्मण चौक निवासी साजिद से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज लाने को कहकर उसे परेशान करने लगे। दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग करते हुए ससुरालियों ने मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि दो माह पूर्व विवाहिता को घर में अकेला देख उसका देवर घर में घुस आया और अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने विवाहिता के साथ मारपीट भी की। जब उसने इस बारे में अपने पति और ससुरालियों को बताया तो उन्होंने कहा कि गलती उसकी है। इसके बाद पति ने तीन तलाक देकर विवाहिता को घर से निकाल दिया।

### पुलिस का बयान

एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति साजिद, देवर शहबाज, सास रिहाना, ससुर मेहताब समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




### सरकार को भगवान नही देश की जनता के सम्मान की बात करनी हैं

हाथ वालों के युवराज ने भी ठहरे पानी में स्टोन मारा और फ्लावर वालों की टोन ही बदल गई। बात को तोड़ मरोड़ कर पेश करने की कला से भी कई किलोमीटर आगे निकल चुके वो अब उसी पुराने सम्मान की बात लेकर मैदान में आ गये हैं। पहले रा थे फिर ज आये और अब तो सावन से पहले ही संसद में महा आ गये हैं। सब लग भी गये है सोशल मीडिया पर लानत मलानत भेजने की मुहिम में। पुराने चिराग को रगड़ा जा रहा है। यहां देवतुल्य ने ही कहा कि ये पैतरे पुराने हो चुके हैं और लोग भी अब आजिज हो चुके हैं। सरकार को भगवान की नही देश की जनता की फिक्र करनी हैं। भगवान अपनी फिक्र खुद कर लेगें। जैसे रा ने तुम्हारी चिंता की वैसे ही महा भी कर लेगें। ससंद में सरकार तो कम से कम जनहित की बात करे या वो भी।

### इतनी ही है अगर फिक्र तो करो दलित को विधायक बनाने का जिक्र

फूल वालों की सरकार आई तो अम्बेडकर पंच तीर्थ की बात चली। राष्ट्रपति से लेकर सभापति तक फेस बनाये गये। कहने वाले ने कहा कि शहर की भगवा सियासत में इतनी ही जरूरत हैं जितनी ड्राईंगरूम में फूलों के गुलदस्ते की, शोपीस की। भाजपाई ने कहा कि अगर इतनी ही फिक्र है तो करो ना दलित भाजपाई को शहर सीट से विधायक बनाने का जिक्र। क्यों पंजाबी फैक्टर, ब्राहम्ण समीकरण और वैश्य समाज की बात हो रही हैं। एक सीट से ना सरकार बन रही और ना गिर रही तो किसी दलित चेहरें को ही अपलिफ्ट कर दो। भगवा चौहान से लेकर भगवा संत का नाम आगे कर दो। समाजवादियों ने भी तो इसी जनरल सीट पर दलित कार्ड खेलते हुये विशाल वर्मा को चुनाव लड़वाया था। नीले हाथी पर सवार शुक्ला जी देखते रह गये थे और साईकिल ने वोट बैंक में सेंध लगा ली थी। अब ये तो भाजपा के टिकट कर्णधारों को देखना है कि यहां वो अपने कौन से लोकल दलित चेहरें को मौका देते हैं। जो नेता दलित हित की बात करते नही थकते उनका भी पता चलेगा कि वो अपने समाज की दावेदारी समेट कर कौन से भगवा दलित चेहरें को आगे करते हैं। चौपले वाले गर्ग जी किसके नाम पर मोहर लगाते हैं। क्या सासंद खेमें से भी किसी दलित भगवाई का नाम आता हैं। क्या विधायक किसी दलित को टिकट देने की हिमायत करते हैं। क्या भगवा कमांडर किसी दलित चेहरे की टिकट सिफारिश करते हैं। पता तो अब ही चलेगा दलित हिमायत का।

### शहर वाले भगवा गुप्ता जी क्यों कर रहें हैं ब्लैक कार की चर्चा बार बार

शहर वाले गुप्ता जी का दिल तो वैसे मौहल्ला चुनाव में ही टूट गया था। टिकट ना मिलने पर उन्होने रात में ही भगवा दफ्तर पर पहुंच कर पूरा हो हल्ला किया था। फिर गुप्ता जी का दिल ऐसा टूटा कि उन्होने सारे आयामों को नमस्ते कर दी और अपने कामों पर फोकस किया। अब फूल वालों का पौधा मां के नाम लगे या पिता के नाम पर लेकिन गुप्ता जी मिलते हैं नियम से अपनी दुकान पर। मगर पालिटिक्स का चस्का इतनी आसानी से छूट जाये तो कई लोग पालिटिक्स से वीआरएस ले ले। गुप्ता जी भले ही दुकान पर रहते हैं मगर खबर उन्हे पूरे जहान की रहती है। वो बार बार आरडीसी में ब्लैक कार की चर्चा कर रहे हैं। कार के साथ वो एक खास नाम को कनेक्ट करते हैं, बताने के बाद रिएक्ट भी करते हैं। अब शहर वाले ही पूछ रहे हैं कि गुप्ता जी जब साइलेंट मोड पर चल रहे हैं तो फिर वो बार बार आरडीसी में ब्लैक कार की चर्चा आखिर क्यों कर रहे हैं।

# दुबई से फ्रॉड का तरीका सीखकर भारत के 23 राज्यों में की ठगी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस ने देश के 23 राज्यों में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाले एक गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गाजियाबाद पुलिस ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन से चेतन शर्मा और राहुल कुमार साहू को ठगी के सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 36 लाख रुपये बरामद किए हैं।

### शेयर ट्रेडिंग के जरिए फंसाया जाल में

गाजियाबाद निवासी कंवर पाल से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 70 लाख रुपये, भागवत कुमार बोर से 24 लाख 81 हजार रुपये और राहुल राजा से 52 लाख 51 हजार रुपये की ठगी की गई। तीनों लोगों के साथ विभिन्न फर्जी शेयर ट्रेडिंग एप के जरिए साइबर ठगी की गई। इस मामले में तीन मुकदमे दर्ज किए गए। जिसमें पुलिस ने 23 राज्यों में हुई 168 घटनाओं में पीड़ितों से कुल 22 करोड़ 42 लाख रुपये की साइबर अपराध की घटनाओं का खुलासा किया है। इसके लिए दुबई में एक सेमिनार भी अटेंड किया था, जहां ठगी करना सिखाया जाता था।

### सोशल मीडिया के जरिए बनाते थे शिकार

अपराधी सोशल मीडिया पर शेयर ट्रेडिंग से जुड़े वीडियो अपलोड करते थे। पीड़ित द्वारा ये वीडियो देखने के बाद उसे वीडियो में दिए गए लिंक के जरिए साइबर ठगों ने विभिन्न ग्रुपों में जोड़ लिया। प्रतिष्ठित शेयर मार्केट एक्सपर्ट की फोटो लगाकर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए शेयर ट्रेडिंग के टिप्स दिए जाते थे। पीड़ित को शेयर ट्रेडिंग के प्राइमरी मार्केट से संस्थागत खाता खुलवाकर शेयर ट्रेडिंग में फंसाया जाता था। कंपनियों से सीधे शेयर खरीदने का लालच देकर व्हाट्सएप ग्रुप पर लिंक के जरिए फर्जी ट्रेडिंग एप डाउनलोड कराए जाते थे। गाजियाबाद के एडिशनल कमिश्नर दिनेश कुमार पी के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगी करने वाले राहुल और चेतन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। चेतन मथुरा और राहुल जयपुर का रहने वाला है। ये दोनों काफी समय से दुबई में बैठकर साइबर क्राइम में लिप्त हैं।

### देशभर में 168 मामलों में 22 करोड़ से ज्यादा की ठगी

शुरूआती जांच में पता चला है कि गिरोह देशभर में सक्रिय है। इन्होंने 23 राज्यों में 168 मामलों में 22 करोड़ 42 लाख 38 हजार रुपये की ठगी की है। पुलिस अन्य मामलों की जानकारी जुटा रही है। सबसे ज्यादा 21 मामले महाराष्ट्र में दर्ज हुए हैं। गुजरात और तेलंगाना में 20-20 और दिल्ली में 21 मामले सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश से भी 7 मामले सामने आए हैं।

# सूर्य कंपनी की वजह से लोगों की जान को खतरा

**नोएडा।** एक बार फिर एक्टिव सिटीजन टीम ने ग्रेटर नोएडा शहर का बड़ा मुद्दा उठाया है। शहर में सूर्य कंपनी के द्वारा बिजली का कार्य किया जाता है, लेकिन कार्य को बेहद लापरवाही तरीके से किया जाता है। इस समय सूर्य कंपनी के द्वारा अंडरग्राउंड केबल डाले जा रहे हैं, लेकिन इन बिजली के केबल को डालने के लिए कुल 4 इंच की खुदाई हो रही है। बरसात के समय में इस लापरवाही की वजह से किसी की जान भी जा सकती है। दूसरी तरफ शहर में काफी स्थान ऐसे हैं, जहां पर खुले में तारे पड़े हुए हैं। अगर किसी का पांव वहां चला गया तो मौत हो जाएगी। इन सभी मुद्दों को लेकर एक्टिव सिटीजन टीम ने एक बार फिर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने एक्शन लेने की मांग की है। एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य हरेंद्र भाटी ने बताया कि शहर में सूर्य कंपनी के द्वारा पोल के लिए केबिल डाली रही जा रही है। इस कार्य के लिए खुदाई केवल 4 इंची की हो रही है। इस समय बरसात का मौसम चल रहा है, जिसकी वजह से यह कोई बड़ा हादसा हो सकता है। इलेक्ट्रिक तार की वजह से कभी भी कोई अपनी जान गंवा सकता है। इस समय कासना में स्थित जिम्स अस्पताल के सामने कार्य किया जा रहा है, जहां पर हजारों की संख्या में लोगों का आना-जाना बना रहता है। हरेंद्र भाटी ने आगे कहा कि कई यूनिवर्सिटी रोड पर भी जगह-जगह नंगे तार पड़े हुए हैं, उनसे भी जनमानस या जानवर की मौत हो सकती है। साइडों पर ना सुपरवाइजर देख रहे हैं ना कोई भी अधिकारी कार्य को देख रहे है।



### लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र की दौलत नगर कॉलोनी निवासी किशन लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें उल्लेख किया गया है कि उसकी 21 वर्षीय बेटी एक जुलाई सुबह तीन बजे सोने व चांदी के गहने लेकर घर से चली गई काफी ढूंढने का प्रयास किया पर पता नहीं चला। किशन लाल को शक है कि पड़ोस में रहने वाला शिवा नाम का युवक उसकी पुत्री को वहला फुसला कर ले गया है। पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है।




### हाथरस के बाद लोकल इवेंट्स पर रहेगी सख्ती

पुलिस पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में हाथरस में हुई दुखद घटना के बाद इवेंट्स को लेकर टाइट रूल्स और उनको फॉलो कराने पर जोर देने की प्लानिंग हो गई है, ऐसा सूत्र बता रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि हाथरस की घटना के बाद खुफिया वाले विभाग के साथ ही आयोजन की अनुमति देने वाले जिम्मेदारों को बताया गया है कि उनके यहां होने वाले आगामी आयोजनों को लेकर हर प्रकार से इनपुट जुटा लिया जाए, अगर किसी भी जोन या सर्किल में कोई ऐसा हादसा हुआ तो संबंधित अधिकारी बक्शे नहीं जाएंगे। सुनने में आया है कि शाम वाली मीटिंग के बाद जोन के साहब लोगों को और अन्य अधिकारियों को भी दिशा-निर्देश मौखिक दे दिए गए हैं। दुखद घटना कमिश्नरेट में ना हो, इसके लिए अभी से अंदर खाने प्लानिंग और सख्त तौर पर दी जाने वाली अनुमति को लेकर भी मामला टाइट होने की संभावना जताई जा रही है। वैसे भी आने वाला माह शिव पूजन व मेले के नाम पर चलने वाले कांवड़ यात्रा की बेला वाला है। ऐसे में सड़कों से लेकर शिवालयों तक भारी संख्या में भीड़ होती है। ऐसे में हादसा ना हो कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रहे, इसको लेकर भी आने वाले दिनों के लिए प्लान बनाया गया है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि हाथरस वाली घटना का कमिश्नरेट के पूर्व अधिकारी से भी कनेक्शन है। मंगलवार को हुई इस अमंगलवाली दर्दनाक घटना की तस्वीरें और वीडियो जिसने भी देखी वह सन्न रह गया। मौत के बाद लाशों का मंजर ऐसा था कि खाकी वाले भी गमगीन हो गए। वहीं एक मौत पुलिसकर्मी की भी हुई है। वहीं बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों के बड़े इवेंट्स को लेकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सख्ती रहेगी ताकि यहां पर सब कुछ ठीक रहे। बता दें कि वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने के बाद से किसी भी आयोजन की अनुमति एसीपी स्तर के अधिकारी और कई स्तर की जांच के बाद पास की जाती है, ऐसे में प्रदेश के हाथरस में हुआ हादसा पूरे सिस्टम को चेतावनी और सबक है कि जरा सी लापरवाही सैकड़ो लोगों की जान लेने वाली हो सकती है। देखना होगा आने वाले दिनों में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा किसी भी आयोजन और बड़े इवेंट्स को लेकर क्या नए रूल फॉलो किए जाते हैं। वैसे कमिश्नरेट पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।




# फाइजर और मैक्स हॉस्पिटल ने किया सेंटर ऑफ एक्सिलेंस लॉन्च





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** फाइजर इंडिया और वैशाली के मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने मिलकर व्यस्क टीकाकरण के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) को लॉन्च किया। रोगी की देखभाल बेहतर तरीके से हो सके इस बात के मद्देनजर यह सीओई कई वैक्सीन से रोकथाम की जाने वाली बीमारियों के खिलाफ व्यस्क टीकाकरण सेवाएं देने के लिए तैयार किया गया है जिनमें न्यूमोकोकल रोग, इन्फ्लूएंजा, ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी), और हेपेटाइटिस ए और बी आदि शामिल हैं। भारत में वैक्सीन से रोकथाम की जाने वाली बीमारियों (वीपीडी) से होने वाली लगभग 95% मौत व्यस्कों में होती हैं। वीपीडी स्वास्थ्य को काफी प्रभावित करता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली के डॉ. अजय कुमार गुप्ता, डायरेक्टर- इंटरनल मेडिसिन ने कहा कि मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में रोकथाम और उपचार द्वारा स्वास्थ्य देखभाल को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली में पल्मोनोलॉजी के डायरेक्टर एंड हेड डॉ. शरद जोशी ने कहा, टीके सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं हैं। एक व्यस्क के रूप में यह बहुत मायने रखता है कि हम अपने स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें और खुद को उन बीमारियों से बचाएं जिन्हें टीकाकरण से रोका जा सकता है।

फाइजर वैक्सीन के मेडिकल अफेयर्स के डायरेक्टर डॉ. संतोष तौर ने बताया कि मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के साथ हमारी सहभागिता व्यस्क टीकाकरण को आम जनता तक बड़ी सरलता से पहुंचाने, वैक्सीन से रोकथाम होने वाली बीमारियों, विशेष रूप से श्वसन संबंधी बीमारियों से सुरक्षा देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बिजली विभाग की वजह से गाय की मौत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में फिर एक बार बिजली विभाग लापरवाही से एक गाय की मौत हो गई। कुछ समय पहले भी ऐसी हादसा हुआ था। उस हादसे के बाद लोग काफी आक्रोशित हो गए हैं। लोगों ने कहा है कि यह हादसा नहीं बल्कि हत्या है। कई बार कहने के बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद नहीं खुलता है और हजार्ना भुगतना पड़ता है। अब एक बार फिर बिजली विभाग की गलती से एक बेजुबान गाय की मौत हो गई। क्या इस बार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जिम्मेदार कंपनी को ब्लैक लिस्ट करेगी?

### कैसे और कहां हुआ हादसा

ग्रेटर नोएडा में स्थित रोजा जलालपुर में संस्कार पब्लिक स्कूल के मंगलवार को यह हादसा हुआ। यह हादसा बिजली विभाग जिला प्रवाही से हुआ है। दरअसल, बिजली विभाग के द्वारा बिजली के पोल का कार्य किया जाता है। काम करने के बाद जिम्मेदार लोगों ने पोल के खुले तार को कवर नहीं किया। इसकी चपेट में मंगलवार को एक गाय आ गई। चपेट में आने के बाद गाय जमीन पर गिर गई और उसकी मौत हो गई।

### जिम्मेदार कंपनी पर कार्रवाई की मांग

इस मामले के बाद ग्रेटर नोएडा शहर के लोग काफी आक्रोशित हैं। एक्टिव सिटीजन टीम के सदस्य का कहना है कि इसको लेकर लगातार शिकायत की जाती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई असर नहीं पड़ता।

कुछ दिनों पहले भी ग्रेटर नोएडा में बिजली विभाग की लापरवाही से एक गाय की मौत हो गई थी और अब दोबारा से ऐसी हादसा हुआ है। आखिरकार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इस पर ध्यान क्यों नहीं देता है? इसको कुछ लोगों ने गाय की हत्या बताते हुए जिम्मेदार कंपनी पर कार्रवाई की मांग की है।

# रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली-शाहदरा ने किया सुविधा समारोह का आयोजन









**दिल्ली, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली शाहदरा ने रोटरी वर्ष के उद्घाटन के अवसर पर पीडीजी रोटेरियन मुकेश अरनेजा, डायरेक्टर हरीश मल्होत्रा, जीएन रोटेरियन अमित कुमार गुप्ता और सहायक गवर्नर रोटेरियन अनुज गर्ग तथा क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल की उपस्थिति में सुविधा समारोह का आयोजन किया। इसके अलावा गोइंग डिजिटल-क्लब वेबसाइट लॉन्च की। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्य रोटेरियन वीरेंद्र ग्रोवर, रोटेरियन हिमांशु अग्रवाल, रोटेरियन सुभाष गुप्ता, रोटेरियन दिलीप हरि, रोटेरियन वीना गुप्ता, रोटेरियन प्रगति मित्तल, आईपीपी रोटेरियन अनिल जैन, रोटेरियन रिद्धि जैन, रोटेरियन पुनीत सखूजा, रोटेरियन अभिनव कुमार, रोटेरियन सीए अमित कुमार गुप्ता, रोटेरियन सारिका ग्रोवर को उपहार भेंट किए गए और उन सभी का अध्यक्ष रोटेरियन सीए सुनील अग्रवाल और प्रथम महिला रोटेरियन अर्चना अग्रवाल ने स्वागत किया।

इसके अलावा सभी जिला गणमान्य व्यक्तियों, विभिन्न क्लबों के वरिष्ठ सदस्यों को क्लब के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब शाहदरा ने क्लब के सभी सीए, प्रतिष्ठित डॉक्टरों और समाज के सीए को सुविधा प्रदान की, जिसमें डॉ. सत्य प्रकाश सिंघल और डॉ. मधु ने भाग लिया।

# अवैध ओयो होटल और गेस्टहाउस बंद कराने को ज्ञापन सौंपा

**लोनी, करंट क्राइम।** आज भाजपा नेता ललित शर्मा ने लोनी उपजिलाधिकारी से भेंट कर लोनी नगर पालिका क्षेत्र में अवैध ओयो होटल और गेस्टहाउस जो कि वैश्यावृत्ति और नशे के अड्डे बन चुके हैं उन सभी अवैध होटलों को बंद करने एवं संचालनकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में ज्ञापन दिया। इस मौके पर पंडित ललित शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने से पहले लोनी को क्राइम कैपिटल के रूप में जाना जाता था पर भाजपा की सरकार आने के बाद क्राइम कैपिटल से तो लोनी मुक्त हुई पर आज लोनी को कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और कुछ लालची व्यक्ति अवैध रूप से ओयो होटल एवं गेस्टहाउस को लोनी में चला रहे हैं उनके कारण लोनी का नाम आज वेश्यावृति और नशे के अड्डे के रूप में तब्दील होता जा रहा है। लोनी में इन सभी अवैध कार्य को बंद करवाने के लिए लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी कई बार पत्र लिखकर करवाई की मांग की। पर जितनी बार कार्रवाई हुई उसके बाद उसे दोगुनी तादाद में इनकी संख्या को बढ़ा दिया गया ताकि भाजपा व विधायक की छवि को धूमिल किया जा सके जबकि लोनी नगर पालिका क्षेत्र के एक-दो किलोमीटर के आसपास के दायरे में ना तो ऐसा कोई पर्यटन स्थल, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, नाही किसी भी धर्म का कोई तीर्थ स्थल है फिर भी सैकड़ों की तादाद में लोनी में दिन पर दिन ऐसे होटलों की संख्या बढ़ती जा रही है। उप जिलाधिकारी ने जल्द ही इस पर बड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।





# यूएन की पाक से इमरान को रिहा करने की मांग

## कहा- सभी आरोप राजनीति से प्रेरित

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के एक समूह ने पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तुरंत रिहा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि इमरान खान पर लगाए गए कम से कम दो मामले राजनीति से प्ररित थे। इमरान खान को जेल में रखने का मुख्य उद्देश्य उन्हें पाकिस्तान की राजनीति से दूर करना था। संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह ने जिनेवा में 18 से 27 मार्च तक अपने 99 सत्र में 71 वर्षीय इमरान खान की की हिरासत पर अपनी राय दी।

यूएन के इस समूह ने कहा कि तोशाखाना और साइफर मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी राजनीति से प्ररित थी, जिसका उद्देश्य उन्हें पाकिस्तान की राजनीति से दूर करना था। समूह ने आगे कहा कि यह बिना किसी कानूनी आधार के था। तोशाखाना मामले में पूर्व पीएम पर आरोप लगाया गया था कि अपने कार्यकाल के दौरान इमरान खान ने सरकारी खजाने का विवरण जानबूझ कर छिपाया था।

इमरान पर सरकारी खजाने से कीमती उपहारों को बेचकर आय कमाने का भी आरोप लगाया गया था। पिछले साल पांच अगस्त को इस्लामाबाद में एक ट्रायल कोर्ट ने पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा दायर पहले मामले में इमरान खान को दोषी ठहराया और उन्हें तीन साल की जेल की सजा सुनाई।

बाद में उसी दिन उन्हें पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया था। चुनाव आयोग ने इमरान खान को दोषी पाए जाने के बाद पांच साल के लिए आयोग्य घोषित कर दिया था।

### इमरान खान की हिरासत का कोई कानूनी आधार नहीं

यूएन के समूह ने कहा, इमरान खान की हिरासत का कोई कानूनी आधार नहीं था। इसका एकमात्र उद्देश्य उन्हें राजनीति से दूर रखना था। साइफर मामले में समूह ने कहा, इसमें कोई कानूनी आधार नहीं है, क्योंकि उनके कार्यों से आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन नहीं हुआ था। बता दें कि साइफर मामला राजनयिक दसतावेज से संबंधित है। एक संघीय एजेंसी ने आरोप लगाया कि इन दस्तावेजों को इमरान खान ने कभी वापस नहीं किया।

दूसरे तोशाखाना मामला और उद्दत मामले में यूएन समूह ने कहा, कार्य समूह ने चार अभियोगों के समय के संयोग को देखे बिना काम नहीं कर सकता। इसने इमरान खान को आम चुनाव लड़ने से रोक दिया। समूह का मानना है कि तोशाखाना मामला और साइफर मामले में इमरान खान की गिरफ्तारी बिना किसी कानूनी आधार के था। समूह ने कहा कि इमरान खान को स्वतंत्रता से वंचित करना मनमाना था। उन्होंने सरकार से तुरंत उनकी स्थिति सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया।

# केन्या में हिंसक हुआ कर व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन

## विरोध प्रदर्शन में 39 लोगों की मौत

**नैरौबी।** केन्या में नई कर वृद्धि के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहा है। अबतक इस हिंसा में कम से कम 39 लोगों की मौत हो गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में राष्ट्रीय अधिकारों की निगरानी का हवाला देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारियों ने केन्या में इस सप्ताह एक नए दौर के विरोध प्रदर्शन के लिए कमर कस ली है।

केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) के रिकॉर्ड के मुताबिक केन्या में देशव्यापी कर कानून के विरोध प्रदर्शनों के संबंध में 39 लोग मारे गए हैं और 361 घायल हुए हैं। इसके अलावा जबरन गायब होने के 32 मामले दर्ज हुए हैं। वहीं 627 प्रदर्शनकारियों की इसमें गिरफ्तारियां भी हुई हैं।

### किस कारण मचा बवाल?

बता दें कि केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है।

यहां मई में केन्या फाइनेंस विधेयक 2024 पेश किया गया, जिसमें ब्रेड, कैंसर ट्रीटमेंट, कुकिंग ऑयल, बच्चों का डायपर से सैनेटरी पैड, मोटर वाहन, सोलर उपकरण से लेकर डिजिटल सर्विस से जुड़े प्रोडक्ट्स पर भारी-भरकम टैक्स लगाने का प्रस्ताव है। इसमें ब्रेड पर 16 फीसदी सेल्स टैक्स, कुकिंग ऑयल पर 25 फीसदी टैक्स, मोटर व्हीकल पर 2.5 फीसदी वैट और इंपोर्ट ड्यूटी को तीन फीसदी का प्रस्ताव है।





### आक्रोशित भीड़ ने संसद में लगाई आग, पुलिस ने आंसू गैस और गोलियां चलाईं

इस विधेयक पर केन्या के संसद में मौजूद सभी सांसदों ने इसका समर्थन किया है। उनका मानना है कि यह सरकारी कामों को पूरा करने के लिए जरूरी है। रेवेन्यू बढ़ाने पर होने वाली कमाई के जरिए सरकार देश में सड़कों का निर्माण, स्कूलों में टीचर्स को हायर कर सकेगी। वहीं किसानों को फर्टिलाइजर के लिए सब्सिडी मिल जाएगी। इससे देश पर कर्ज कम हो जाएगा। उसके बाद इस विधेयक को लेकर संसद में वोटिंग हुई, जिसमें करीब 195 में से 106 सांसदों ने इसके पक्ष में वोट किया, जिसके बाद पूरे इलाके में प्रदर्शन शुरू हो गया। इस समय सदन के अंदर सांसद विधेयक पर चर्चा कर रहे थे, उसी समय आक्रोशित भीड़ ने संसद में आग लगा दी। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। केन्या की संसद में हजारों लोगों के घुसने और उसके एक हिस्से में आग लगाने के बाद पुलिस ने आंसू गैस और गोलियां चलाईं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रूटो ने मंगलवार को हिंसा और अराजकता के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की बात कही है।

### राष्ट्रपति विलियम रूटो के सामने संकट

केन्या में हो रहे इस विरोध प्रदर्शन से वहां के मौजूदा राष्ट्रपति विलियम रूटो की सरकार के सामने ये सबसे गंभीर संकट है क्योंकि उन्होंने सितंबर 2022 में एक ऐसे देश में गहरे विभाजनकारी चुनाव के बाद पदभार संभाला था, जिसे अक्सर अशांत क्षेत्र में स्थिरता का प्रतीक माना जाता है।

### भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

केन्या में 80 हजार से एक लाख तक भारतीय रहते हैं। हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच भारतीयों के लिए सरकार ने एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावास की तरफ से कहा गया है कि वे बेवजह घर से बाहर न निकलें और हिंसा वाली जगहों से दूर रहें।

# रिपोर्ट में दावा- भारतीय सीमा पर लंबे समय तक तैनात रहेंगे चीनी सैनिक, युद्ध का खतरा बरकरार

**हांगकांग।** रूस-यूक्रेन और इस्राइल हमास युद्ध के बीच लद्दाख में भारत-चीन के बीच जारी तनाव की खबरें सुर्खियों से नदारद भले ही हो गई हैं, लेकिन सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव अभी भी बरकरार है। अमेरिका की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना भारतीय सीमा पर लंबे समय तक तैनात रह सकती है और विवादित सीमा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों के लिए तनाव का सबब बनी रहेगी।

### रिपोर्ट में जताई गई संघर्ष की आशंका

अमेरिका के आर्मी वॉर कॉलेज के स्ट्रैटेजिक स्टडीज इंस्टीट्यूट ने बीते दिनों एक रिपोर्ट प्रकाशित की। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और चीन के बीच साल 2020 में सीमा पर हिंसक झड़प हुई थी और उसके बाद से कोई हिंसक घटना नहीं हुई है, लेकिन दोनों तरफ बड़ी संख्या में सैनिक तैनात हैं और कोई भी खतरे की गलत गणना सशस्त्र संघर्ष में बदल सकती है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना अनिश्चित समय तक अक्साई चिन में एलएसी पर और डोकलाम में तैनात रह सकती है।

### चीन ने सीमा पर तैनात किए हजारों सैनिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की सेना ने अपनी लॉजिस्टिक क्षमताओं में काफी इजाफा किया है। इसी वजह से गलवान की घटना के बाद चीन ने बेहद सीमित समय में बड़ी संख्या में सैनिकों को सीमा पर तैनात कर दिया था। माना जा रहा है कि चीन ने 2020 की घटना के बाद से करीब 10 हजार सैनिकों की सीमा पर तैनाती की है। इनमें इंजीनियर्स और आर्टिलरी के अलावा सपोर्ट स्टाफ भी शामिल है। वहीं अक्साई चिन के 400 किलोमीटर के इलाके में चीन के करीब 20 हजार सैनिक तैनात हैं।

साल 2020 में भारत और चीन के सैनिकों में गलवान में हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हो गए थे। चीन के भी कई सैनिक इस संघर्ष में मारे गए थे, लेकिन चीन ने ये बात स्वीकार नहीं की थी।

# मेलबर्न से दिल्ली आ रहे विमान में भारतीय युवती की मौत

**मेलबर्न।** मेलबर्न से नई दिल्ली के लिए यात्रा कर रही एक 24 वर्षीय भारतीय युवती की क्वांटास विमान में मौत हो गई। विमान में चढ़ने से पहले युवती की तबीयत खराब हो गई थी। सीट बेल्ट लगाने के दौरान युवती फर्श पर गिर पड़ी और मौके पर ही मौत हो गई। माना जा रहा है कि मनप्रीत की मृत्यु छय रोग के चलते हुई है, जो एक संक्रामक बीमारी है और फेफड़ों को प्रभावित करती है।



युवती के दोस्त गुरदीप ग्रेवाल के अनुसार, मनप्रीत कौर मार्च 2020 में ऑस्ट्रेलिया जाने के बाद पहली बार अपने माता पिता से मिलने के लिए 20 जून को भारत की यात्रा कर रही थी। जब वह दिल्ली जाने के लिए मेलबर्न एयरपोर्ट पर पहुंची तो अस्वस्थ महसूस करने लगी, बावजूद इसके वह विमान में चढ़ गई। जब कौर सीट बेल्ट लगाने गई तो वह फर्श पर गिर गई। युवती को फर्श पर गिरता देख केबिन क्रू और आपातकालीन सेवाएं उसकी मदद के लिए पहुंची, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया।

कौर के रूममेट कुलदीप ने बताया कि उसका सपना शेफ बनना था। वह दयालु और ईमानदार थी। उसे अपने दोस्तों के साथ विक्टोरिया में घूमना बहुत पसंद था। कौर के परिवार की मदद के लिए एक पेज बनाया गया है।

# टाटा स्टील यूके यूनिट के कर्मचारियों ने हड़ताल वापसी की घोषणा की, कंपनी ने फैसले का किया स्वागत

**लंदन।** टाटा स्टील की यूके यूनिट वेल्स में पोर्ट टैलबोट प्लांट के कर्मचारियों ने सोमवार को 8 जुलाई से होने वाली हड़ताल वापस ले ली है। कर्मचारियों के इस फैसला का टाटा कंपनी ने स्वागत किया है। कर्मचारियों के संगठन ने कहा था कि वो 8 जुलाई से हड़ताल शुरू करेंगे। जिसके कारण टाटा स्टील की यूके यूनिट की मतदान प्रक्रिया के लिए दिक्कत हो गई थी।

वहीं कंपनी ने हड़ताल वापस लेने के कर्मचारियों के फैसले का स्वागत किया है और जल्द ही ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना को स्थगित कर दिया है।




**'टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा- कर्मचारियों ने लिखित में दी जानकारी :** टाटा स्टील के प्रवक्ता ने कहा, यूनाइट यूनियन ने हमको लिखित रूप से बताया कि वो तत्काल प्रभाव से 8 जुलाई को होने वाली हड़ताल को स्थगित कर रहे हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि इस हड़ताल को स्थगित करने के फैसले के बाद अब हम आश्वस्त हो गए हैं कि अब हम सुरक्षित रूप से कंपनी में संचालन और गतिविधि कर पाएंगे। इसके साथ ही हम ब्लास्ट फर्नेस 4 पर संचालन बंद करने और पोर्ट टैलबोट को बंद करने की तैयारी को भी रोक देंगे। जिसे इस सप्ताह बंद करने की योजना थी। हम कर्मचारियों के फैसले का स्वागत करते हैं।

**कंपनी ने कही थी 2800 लोगों की छटनी की बात :** टाटा स्टील ब्रिटेन के साउथ वेल्स में पोर्ट टालबोट संयंत्र में अपनी ब्लास्ट फर्नेस बंद करने की योजना बना रही थी जिससे 2,800 से अधिक नौकरियां जा सकती थी। टाटा ने कहा था कि इससे अगले 18 महीनों में 2500 लोगों की नौकरी जाएगी। जबकि तीन साल में 300 और कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है।

**कंपनी ने कहा- नौकरियों की कटौती पर वैधानिक परामर्श लेंगे :** टाटा स्टील ने कहा था कि नौकरियों की कटौती पर वैधानिक परामर्श लिया जाएगा, लेकिन इसके लिए किसी समयसीमा की जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय कंपनी टाटा स्टील ने कहा था

**कार्बन उत्सर्जन में कटौती रोकने के लिए कंपनी ने उठाया था कदम :** सितंबर में स्टील की दिग्गज कंपनी ने कहा था कि उसने उत्सर्जन में कटौती और वित्तीय घाटे को रोकने के लिए और सस्ते, हरित स्टील उत्पादन की ओर बढ़ने के लिए 500 मिलियन पाउंड करदाता नकदी हासिल की है।

### भारत-अमेरिका के रिश्तों पर बोले पटेल

# 'दोनों देश कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को कर रहे मजबूत'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय के भारतीय मूल के वेदांत पटेल ने एक बार फिर भारत-अमेरिका के रिश्तों पर बात की। उन्होंने सोमवार को कहा कि वॉशिंगटन नई दिल्ली के साथ कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत कर रहा है।



**कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत कर रहे :** विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, खासकर जहां यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रपति को कुछ सप्ताह पहले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी से संक्षिप्त मुलाकात करने का अवसर मिला था।

पटेल ने कहा कि उन्हें लगता है कि कई अन्य क्षेत्र होंगे, जहां दोनों देश सहयोग को प्रगाढ़ बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने कुछ सप्ताह पहले ही दिल्ली का दौरा किया था।

**यह भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला :** पाकिस्तान पर एक सवाल के जवाब में पटेल ने आतंकवाद की निंदा करते हुए कहा, 'आखिरकार यह भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है।

बेशक, हम ऐसे देशों का स्वागत करते हैं जो अपने पड़ोसियों के साथ सकारात्मक संबंध रखते हैं।

# दर्जनों बंदियों के साथ रिहा हुए गाजा अस्पताल प्रमुख

## सल्मिया बोले- दवा और खाना न देकर इस्राइल में दी गईं यातनाएं

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी के सबसे बड़े अल-शिफा अस्पताल के प्रमुख मोहम्मद अबू सल्मिया सोमवार को दर्जनों फलस्तीनियों के साथ सात महीने से अधिक की हिरासत के बाद रिहा हुए और इलाज के लिए गाजा लौट आए। हिरासत से मुक्त होने के बाद अस्पताल के निदेशक सल्मिया ने इस्राइल द्वारा किए गए अत्याचारों की अपनी पीड़ा व्यक्त की। सल्मिया ने कहा कि पूछताछ केंद्रों में कई कैदियों की भोजन और दवा न मिलने से मृत्यु हो गई। दो महीने तक किसी भी कैदी ने एक दिन में एक पाव से ज्यादा रोटी नहीं खाई।

अबू सल्मिया के अनुसार, सात अक्टूबर को हमास ने सीमा पार हमला किया था, जिसके बाद से उन्हें और अन्य कैदियों को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान इस्राइली जेलों में उन्हें गंभीर यातनाओं से गुजरना पड़ा। बंदियों को शारीरिक और मनोवैज्ञानिक अपमान का सामना करना पड़ा।



इस्राइल की शिन बेट खुफिया एजेंसी के अनुसार, उसने आतंकवादियों की रिहाई का विरोध किया, जिन्होंने इस्राइली नागरिकों पर हमलों में भाग लिया था। एजेंसी ने कहा कि इसलिए कई गाजा बंदियों को रिहा करने का निर्णय लिया गया जो कम खतरे का प्रतिनिधित्व करते हैं।

हालाकि, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, अबू सल्मिया की रिहाई दर्जनों अन्य आतंकवादियों के साथ सुरक्षा परित्याग है। इस्राइली सेना ने अल-शिफा पर कई छापों में से एक के दौरान अबू सल्मिया को हिरासत में लिया था।

# स्वयंभू बुद्ध बॉय बम्जन को 10 साल की कैद

**काठमांडो।** नेपाल में बुद्ध बॉय नाम से चर्चित स्वयंभू आध्यत्मिक गुरु राम बहादुर बम्जन को नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के मामले में 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है। सरलाही जिला न्यायालय के न्यायाधीश जीवन कुमार भंडारी ने बोमजान पर 500,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। पिछले सप्ताह बम्जन को नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी पाया था। मामले में उसके दो सहयोगियों जीत बहादुर तमांग और ज्ञान बहादुर बम्जन को बरी कर दिया गया।

बम्जन फिलहाल जलेश्वर जेल में न्यायिक हिरासत में है। उसे नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक टीम ने 9 जनवरी को काठमांडो के बुधनीलकांठा से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ 6 फरवरी, 2020 को सरलाही जिला न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। बम्जन पर 4 अगस्त, 2016 को एक 15 वर्षीय लड़की ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था, जो एक अनी (नन) के रूप में सरलाही के पत्थरकोट में अपने आश्रम में रह रही थी।

# शिकागो में भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर स्वास्थ्य देखभाल में धोखाधड़ी के आरोप में दोषी

## कानून दे सकता है 10 साल तक की सजा

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो में 51 वर्षीय भारतीय अमेरिकी डॉक्टर को स्वास्थ्य देखभाल में धोखाधड़ी मामले में दोषी ठहराया गया है। दरअसल, उन पर मेडिकेड और बीमाकताओं को फर्जी सेवाओं के झूठे बिल दिखाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगा था। डॉक्टर की पहचान मोना घोष के तौर पर की गई है। वह स्त्री रोग सेवाओं में विशेषज्ञता वाली प्रोग्रेसिव वूमेन हेल्थकेयर की मालिक हैं। उन्हें स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के दो मामलों में दोषी ठहराया गया है। उन्हें प्रत्येक मामले में दस साल तक की सजा हो सकती है।



### 22 अक्तूबर को हो सकती है सजा

अमेरिका के जिला जज फ्रैंकलिन यू वाल्डेरामा ने सजा के लिए 22 अक्तूबर की तारीख तय की है। आरोपी डॉक्टर ने स्वीकार किया कि वह धोखाधड़ी से प्राप्त 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक धनराशि की भरपाई के लिए जवाबदेह थी। अभियोजक पक्ष ने आरोप लगाया कि डॉक्टर घोष धोखाधड़ी से प्राप्त कम से कम 2.4 मिलियन डॉलर की भरपाई के लिए जवाबदेह है। अंतिम राशि अदालत द्वारा सजा सुनाने के दौरान तय की जाएगी।

अदालत के दस्तावेजों के अनुसार, 2018 से 2022 तक डॉक्टर घोष ने मेडिकेड, ट्राइकेयर और अन्य बीमाकताओं के समक्ष ऐसे दावे पेश किए, जो चिकित्सकीय रूप से जरूरी नहीं थे। उन्होंने अपने कर्मचारियों से भी फर्जी दावे पेश करवाए। हालांकि, कुछ दावे रोगी की सहमति के बिना पेश किए गए थे। डॉक्टर घोष ने स्वीकार किया कि उन्होंने फर्जी दावों का समर्थन करने के लिए झूठे रोगी चिकित्सा रिकॉर्ड भी तैयार किया था।

# फ्रांस: ली पेन की पार्टी के जीतने पर भड़की हिंसा

## शरणार्थियों की खिलाफत के लिए जानी जाती है नेशनल रैली पार्टी





**लंदन।** शरणार्थियों व अवैध प्रवासियों के खिलाफ कड़ा रुख रखने वाली दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की नेशनल रैली पार्टी को फ्रांस के संसदीय चुनाव के पहले चरण में जीत मिलने के बाद वामपंथी दलों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पहले चरण के चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद पेन की पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए वामदलों के हजारों समर्थक, प्रवासी प्लेस डे ला रिपब्लिक पर जमा हुए और प्रदर्शन किया। रविवार को दूसरे दौर का मतदान होना है।

वाम दलों का कहना है कि वे पेन की पार्टी को रोकने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। पहले दौर के मतदान में पेन की पार्टी व सहयोगियों को 33 % वोट मिले हैं। जबकि, वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन को 28 % और राष्ट्रपति मैक्रों के एनसेंबल गठबंधन को 21 फीसदी वोट मिले हैं, जो तीसरे स्थान पर है।

**फ्रांस के सबसे कम उम्र के पीएम बन सकते हैं 28 साल के बाडेर्ला :** ले पेन की जीत पर 28 वर्षीय जॉर्डन बडेर्ला देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बन सकते हैं। नेशनल रैली पार्टी को मजबूत राजनीतिक दल बनाने में उनकी अहम भूमिका है।

**एग्जिट पोल में किसी को भी बहुमत नहीं :** सीएनएन रिपोर्ट के मुताबिक एग्जिट पोल में अगले रविवार को दूसरे दौर के मतदान के बाद 577 सीटों वाली नेशनल असेंबली में आरएन 230 से 280 सीटें जीत सकती है, जो कि पूर्ण बहुमत के लिए जरूरी 289 सीटों से कम है। वहीं वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) को 125 से 165 सीटों का अनुमान, जबकि मैंक्रों के एन्सेम्बल और उसके सहयोगी 70 से 100 सीटें जीत सकते हैं।

**छह जून को हुआ था यूरोपीय संसद के लिए चुनाव :** इस महीने की शुरूआत में छह जून को यूरोपीय संसद के लिए चुनाव हुए थे। इस दौरान फ्रांस में सबसे चौंकाने वाली राजनीतिक परिस्थितियां थीं। यहां फ्रांस की धुर दक्षिणपंथी नेता मरीन ला पेन की नेशनल रैली ने मैक्रों की पार्टी को जबरदस्त झटका दिया था।

इसके बाद ही राष्ट्रपति ने अंतिम नतीजे आने से पहले ही अचानक राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा कर सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने कहा था, 'मैंने फैसला किया है कि आप वोट के जरिए अपना संसदीय भविष्य चुने। इसलिए मैं नेशनल असेंबली भंग कर रहा हूं। धुर दक्षिणपंथी पार्टियां हर तरफ आगे बढ़ रही हैं। यह ऐसे हालात हैं, जिन्हे मैं स्वीकार नहीं कर सकता।'

# भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को अपशब्द बोलने पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में एवं भाजयुमो अध्यक्ष सचिन डेढा की अध्यक्षता में राहुल गांधी का पुतला फूंका गया।

सचिन डेढा ने बताया कि संसद में राहुल गांधी द्वारा दिया गया बयान सम्पूर्ण सनातन और भारत का अपमान है। सचिन डेढा ने बताया कि बीजेपी के कार्यकर्ता राहुल गांधी से नाराज हैं इसलिए उनका पुतला जलाकर विरोध जताया गया। महानगर मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि बीजेपी सांसदों की तरफ राहुल गांधी ने संसद में इशारा करते हुए कहा कि आप हिन्दू नहीं, हिंसक हैं। राहुल गांधी के इसी बयान पर समस्त बीजेपी कार्यकर्ता और हिंदू समाज ने नाराज होकर राहुल का पुतला फूंककर उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक कहा है लेकिन राहुल गांधी को मालूम नहीं कि यह देश हिंदुओं का था और है लेकिन सदा से यहां अनेक धर्मों का स्वागत किया जाता है, हमारे देश की संस्कृति सभी धर्म का सम्मान करना सिखाती है और राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बताया है।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष एससी मोर्चा अनिल कल्याणी, महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, महामंत्री नितिन शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष आशीष चौधरी, राम त्यागी, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, महानगर मंत्री राहुल मावी, महानगर कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहित ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजा चरण, राजनगर मंडल उपाध्यक्ष विजय कोरी, मंडल अध्यक्ष सुधीर दादू, सूरत, विवेक नागर, रॉबिन भड़ाना, ओमदत्त कौशिक आदि मौजूद रहे।

# डॉली शर्मा का अभियान हो पुराने कांग्रेसियों की पहचान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और गाजियाबाद की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने कैम्प कार्यालय पर एक रणनीतिक बैठक की और गाजियाबाद के विभिन्न इलाकों में पार्टी को मजबूत बनाने पर अपने समर्थकों और कांग्रेसियों के साथ चर्चा की। उन्होंने लोगों को सुझाव दिया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र के सभी अपार्टमेंट्स और सोसाइटीज में कांग्रेस के पुराने लोगों की पहचान की जाए और नए लोगों को भी पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए उनका डेटाबेस तैयार किया जाए ताकि पार्टी को और मजबूती दी जा सके।

बैठक में पूर्व राज्यमंत्री ओमवीर तोमर, पूर्व कर्नल सुधीर चौधरी, कुलदीप मलिक, मो. शमशाद चौधरी, मो. अरसद, हाजी यामीन, मो. फारूक व मनोज भारद्वाज आदि मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उप चुनाव को लेकर मचल रहें हैं नीले रंग वाली दूसरी पार्टी के अरमान? 3 बार चुनाव हारने वाले चेहरे ने शुरू कर दिया है अपना चुनावी अभियान? उनके ही दल से सुनाई दे रही है ये आवाज? अभी सिर्फ हुआ है आगाज और बदल भी सकता है सीन? आप को बता दूं कि यहां लगी हुई है एक और टीम? अभी तो बदलेगा यहां का सीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो जो तलाश रहे हैं पुराने कांग्रेसी? उनके पापा भी तो रहें हैं संगठन के अध्यक्ष तो एक लिस्ट तो उनके पास भी होगी? ये कह कर क्यों ली हाथ वाले ने चुटकी? उन्होंने तो बनाई थी वार्ड प्रभारियों की भी एक लिस्ट? हम छोड़ देंगे पॉलिटिक्स अगर 100 वाली लिस्ट में 10 चेहरे भी मिल गए एक्सिस्ट? वैसे तो ये अजीब सी मानी जायेगी बात? 3 इलेक्शन लड़ने वाले कह रहे हैं पुराने कांग्रेसी से निकालो जान पहचान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये जो गढ़ाए बैठे हैं शहर विधानसभा वाली सीट पर नजर? आप लिख कर ले लो इनकी उम्मीदों पर टूटना है कहर? जब आएगा टाइम तो घूमेगा बहुत ही तेज रफ्तार से समय का पहिया? आप देख लेना काम नहीं आयेंगे वो वाली दीदी और ये वाले भईया?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा मेंबर को आ गया बहुत तेज एंगर? उनके इलाके में कर दी फूल वाले ने ही सर्जिकल स्ट्राइक? भगवा मेंबर ने फोन पर ही बदल ली टोन? क्या कह दिया कि मेरे वार्ड में घुसने वाला तू होता है कौन? सुना है स्ट्राइक करने वाले ने भी शब्द यूज किए हैं टाइट? किसी भी दिन हो सकती है भगवा वार्ड में भगवा वालो की हार्ड वाली फाइट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के वरिष्ठ नेता ने खुद ही समेट ली है अपनी दुकान? उन्होंने कहा कि अब हम खुद ही कुछ नहीं चाहते श्रीमान? हमे अच्छी तरह से पता है ये बात? किसी भी लिस्ट में शामिल नहीं होता है हमारे दौर के भाजपाइयों का नाम? कविनगर वालो से लेकर राज नगर वालो ने वीआरएस ले लिया है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वाले खेमे को आप कमजोर समझने की मत करना भूल? वो खुद जीते या ना जीते लेकिन किसी के हारने की कर देंगे जमीन तैयार? क्यों कहा कि चेतक वाले ठाकुर साहब खुद है अपनी बुरी हार के लिए जिम्मेदार? अगर वो बिरादरी प्रेम से बाहर निकल कर बनाते चुनावी फ्रेम? उनके हिस्से में नही आती अंडर वन लाख वाली डिफेम ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वाले नेता ने कि जमकर निगम वाले अफसर की तारीफ? लेकिन पार्टी वाली लीडर की बात आते ही उन्होंने साध ली खामोशी? सुना है किसी सरकारी काम से जुड़े हैं तार? नेता जी ने कहा साहब आए हमारे काम? जिनसे उम्मीद थी हमे वो निकल गए बेकार? हम तो निगम वाले साहब की ही करेंगे जय जयकार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि उस मेंबर ने बना दिया है शिकायत करने का एक रिकॉर्ड? वो हर दूसरे दिन पहुंच जाते हैं निगम में अपने वार्ड की शिकायत लेकर? सुना है अधिकारी ने ली तफरी ये कह कर? लगता है चुनाव प्रचार में ही आप कर रहे थे कमियों की लिस्ट तैयार? कभी कोई खूबी भी बताओ या रोज शिकायत ही लेकर आओगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि वार्ड को लेकर सीन हो रहा है फ्लॉवर वालो में ही हार्ड? कहने वाले ने कहा कि ये तो नही है सियासी रूप से भी फेयर? वो अपने वार्ड पर फोकस करें और उन्हें नही करनी चाहिए दूसरे वार्ड की इतनी केयर? टिकट देना संगठन का काम और दावेदारी करना कार्यकर्ता का हक? अभी से ठीक नहीं है शुरू करना दावेदारी की जंग? जिसे भी टिकट मिलेगा हम सब है उसी के संग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी के लैटर के बाद भी नहीं सुलझा मैटर? जिस मुलाकात को लेकर दिखाई दे रहा था जोश? अब उस मुलाकात की बात को लेकर भी सब है खामोश? कहने वाले ने कहा कि अब अगर अधिकारी की हो भी जाए जिले से विदाई? तो भी खुश नही होगा कोई भाजपाई? पूरे जोर लगाने के बाद भी हिस्से में आई तो रुसवाई?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# इंदिरापुरम में भी भाजपाइयों ने फूंका राहुल गांधी का पुतला




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** देश की संसद में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक बोलने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी इंदिरापुरम मंडल से जुड़े लोगों ने मंगलवार को श्रीराम चौक ऑरेंज काउंटी के सामने भारी संख्या में इकट्ठा होकर अपना रोष प्रकट किया और धरना-प्रदर्शन करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका।

धरना प्रदर्शन इंदिरपुराम मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी के नेतृत्व में किया गया । विरोध प्रदर्शन में पार्षद संजय सिंह, पार्षद हरीश करकोटि, पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद अनुज त्यागी, पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद डॉ. अनिल तोमर, पार्षद प्रीति जैन, पूर्व पार्षद अभिनव जैन, महिला मोर्चा अध्यक्ष वृंदा चावरे, पिंटू तोमर , पुष्पेंद्र त्यागी, देवाशीश दत्ता, डॉ. जयश्री सिन्हा, सुनील दत्त शर्मा, सतवीर सिंह, मास्टर सुनील शर्मा , धीरज शर्मा, कविता शर्मा, गायत्री पांडे, प्रेयम सक्सेना, अरुण मिश्रा, सुशील कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अजय शुक्ला ,उमाशंकर तोमर , मनोज डागा, दिनेश सिंह, अनिल कटारिया, किशोर ठाकुर , परेश जुयाल, बाला दत्त पांडे, एच एस बुडोला, दिनेश गोला एवं लक्की त्यागी ने कहा कि राहुल गाँधी को हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

# आरोपी का भतीजा रेहान मुठभेड़ में हो चुका है ढेर



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में डाबर तालाब कॉलोनी में मुठभेड़ के दौरान बदमाश रेहान की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस मामले में रेहान का चाचा हिस्ट्रीशीटर मन्नू उर्फ सुहैल फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। रिश्तेदारों के घर और ठिकानों पर दबिश जारी डीसीपी ग्रामीण विवेक सिंह ने बताया कि फरार मन्नू के खिलाफ लोनी थाने और अंकुर विहार थाने में रिपोर्ट दर्ज है। मन्नू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। घटना वाले दिन से ही मन्नू का फोन बंद है। बताया जा रहा है कि मन्नू यूपी से भागकर किसी दूसरे राज्य में जाकर छुप गया है। पुलिस यूपी, दिल्ली समेत कई राज्यों में आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस की तीन टीमें मन्नू के रिश्तेदारों के घर और उसके ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

# दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर ओम बिरला का किया अभिनंदन





**नई दिल्ली , करंट क्राइम।** लोकसभा का दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर दिल्ली के अकबर रोड पर मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, आंध्र प्रदेश के सांसद अंबिका नारायण लक्ष्मी, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल राजा, दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र बाल्मीकि, भारतीय जनता पार्टी के नेता राकेश कुमार, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के महानगर अध्यक्ष शक्ति जीनवाल, महामंत्री शनि वाल्मीकि, अध्यक्ष प्रवीण गहलोत आदि कार्यकर्ताओं ने ओम बिरला को दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने पर वाल्मीकि समाज की तरफ से बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने ओम बिरला से वाल्मीकि समाज की समस्याओं को प्रधानमंत्री तक पहुंचकर उनका समाधान करने का निवेदन किया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आश्वासन दिया कि वह जल्दी ही प्रधानमंत्री से समय दिलाने का काम वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल को करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रामगोपाल राजा ने कहा किसरकार पूरी तरह से वाल्मीकि समाज के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी ने डीएलएफ कॉलोनी में किया पौधरोपण





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** भाजपा पश्चिम क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने मंगलवार को साहिबाबाद में बी-ब्लॉक सेंट्रल पार्क डीएलएफ कॉलोनी, के बूथ संख्या -14 में अपने बूथ की टीम के साथ 20 पौधे रोपित किये। टीम के साथ साहिबाबाद विधानसभा, जनपद गाजियाबाद में लगाए गए।।

# सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का किया आयोजन






**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** सुंदरदीप फार्मेसी कॉलेज के बी फार्म और डी फार्म के छात्र एवं छात्राओं ने अपने सीनियर्स के लिए फेयरवेल पार्टी दास्तान का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओ ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों तथा फैशन शो में भाग लिया। इसके साथ ही पुरानी यादों को ताजा किया। इस अवसर पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी तथा सुंदरदीप ग्रुप के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल और उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल ने छात्र एवं छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ.शक्ति कुमार ने भी सभी छात्रों को अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करने तथा उनसे सीखने के महत्व पर जोर देते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस मौके पर एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं। सुंदरदीप फामेर्सी कॉलेज की निदेशक प्रो. शालिनी शर्मा ने कहा कि उन मूल्यों और सिद्धांतों को हमेशा याद रखें। इस मौके पर अभिषेक बी फार्म व सूर्या को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। खुशी बी फार्म व शोभा सिंह को डी फार्म की मिस फेयरवेल का ताज पहनाया गया। मिस्टर और मिस टैलेंट का खिताब श्याम बीफार्म सिद्दार्थ डी फार्मऔर पायल बीफार्म मुस्कान डीफार्म को दिया गया। कार्यक्रम का समन्वय सहायक प्रोफेसर नंदिनी गोयल, राबिया चौधरी,शैलेन्द्र मिश्रा, खुशबू बंसल और निधि सिंह के द्वारा अच्छी तरह किया गया।

# ट्रोनिका सिटी में महिला से रेप, पीड़िता ने कराया पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में सोमवार रात विधवा महिला से पड़ोसी ने घर में घुसकर रेप किया। आरोपी कई महीने से महिला को परेशान कर रहा था। पीड़िता ने सोमवार सुबह थाने में शिकायत की थी। पुलिस ने कहा- अब आरोपी घर में घुसे तो फोन करना। महिला घर चली आई। रात में बिजली कट गई, तभी पड़ोसी महिला के घर में घुस गया और दरिंदगी की। किसी तरह से खुद छुड़ाकर पीड़िता आप नेता के घर पहुंची। ब्लीडिंग अधिक होने से बेहोश हो गई। पीड़िता को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। घटना ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी की है।

**3 बच्चों के साथ रहती है महिला**

महिला अपने तीन बच्चों के साथ रहती है। सोमवार रात 12 बजे बिजली कट गई। महिला घर के बाहर आई। पड़ोसी महिलाओं से बात कर रही थी, तभी आरोपी महिला के घर में घुस गया और छिप गया।

**घटना बताते-बताते बेहोश हुई**

रात 3 बजे के आरोपी महिला के रूम में पहुंचा और जबरन महिला से दरिंदगी की। महिला ने किसी तरह से खुद को छुड़ाया। दौड़ती हुई आम आदमी पार्टी के नेता के घर पहुंची। आप नेता ने बताया- उस वक्त पीड़िता को बहुत ब्लीडिंग हो रही थी। वह घटना बताते-बताते बेहोश हो गई। डायल-112 को सूचना दी गई। एम्बुलेंस बुलवाकर पीड़िता को अस्पताल भेजा गया। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने पीड़िता के प्राइवेट पार्ट पर किसी नुकीली वस्तु से हमला कर दिया, जिससे उसको इतनी ब्लीडिंग हो रही थी। आरोपी पहले भी रेप केस में जा चुका है जेल आरोपी 2 साल पहले एक लड़की से रेप केस में जेल जा चुका है। फिलहाल, वो जमानत पर चल रहा है। वह लगातार पीड़िता को परेशान कर रहा था। पीड़िता सोमवार को ही थाने पर गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ट्रोनिका सिटी थाना प्रभारी प्रशांत त्यागी ने कहा- पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

# नोएडा प्राधिकरण ने संचारी रोगों की रोकथाम को रणनीति की तैयार



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए क्षेत्र में संचारी रोगों के रोकथाम और नियंत्रण के लिए एक व्यापक रणनीति की घोषणा की है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम. के निदेर्शानुसार, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

**आरआरटी का गठन**

बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में से सबसे महत्वपूर्ण है अगस्त 2024 से एक 40 सदस्यीय रैपिड रेस्पांस टीम (आरआरटी) का गठन, जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला मलेरिया अधिकारी के नेतृत्व में काम करेगी। यह टीम न केवल संचारी रोगों के नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित करेगी, बल्कि सभी सेक्टरों और गांवों में जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित करेगी। प्राधिकरण ने 'सोर्स रिडक्शन' पर विशेष जोर दिया है। आरआरटी के सदस्य घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे और लोगों को पानी की टंकी, कूलरों की सफाई, और घरों के आस-पास पानी जमा न होने देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जागरूक करेंगे।

**प्रचार-प्रसार अभियान**

नोएडा वन ऐप का उपयोग करते हुए गैर-सरकारी संगठनों की मदद से जल जमाव वाले क्षेत्रों की पहचान की जाएगी। इसके अलावा पैम्फलेट, बैनर और वीडियो के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए सभी नालों, नालियों की सफाई और घास की कटाई के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी नालियों और खाली भूखंडों की सफाई की जाएगी। साथ ही, नोएडा क्षेत्र के सभी तालाबों की सूची तैयार करने और उनके आसपास की सफाई पर भी ध्यान दिया जाएगा।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Vinit Tyagi is with Dheeraj Sharma and 57 others.
7h ·

महादेव के आशीर्वाद से आज शादी के 10 वर्ष पूर्ण हुए,, वैसे तो इंसान का अगले पल का कोई पता नहीं बस आप सभी अपना आशीर्वाद व दुआएं यूंही बनाए रखना क्योंकि किसी के लिए की गई दुआओं में वो शक्ति होती है जो ईश्वर को भी अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर देती है.. शुभप्रभात 🙏🙏🙏



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विनीत त्यागी ने अपनी मैरिज एनिवर्सरी की खुशी को फेसबुक पर साझा किया।उनके सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन का एक दशक पूरा हुआ। हैप्पी मैरिड लाइफ के 10 वर्ष वाले हर्ष को उन्होंने अपने सभी मित्रों शुभचिंतकों परिजनों के साथ साथ फेसबुक परिवार के साथ चीयर्स किया। आशीर्वाद दुआ की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।